डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5



PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः- 'सामने आई 'कुत्ते' की रिलीज डेट, अर्जुन कपूर और नसीरुद्दीन शाह लीड रोल में आएंगे नजर

वर्ष -08 अंक -210 | प्रयागराज, मंगलवार, 08 नवंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### तिरुपति मंदिर की संपत्ति जानकर हो जाएंगे हैरान, देश की कई नामी कंपनियों से भी ज्यादा है धन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के ट्रस्ट तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने शनिवार को श्वेत पत्र जारी करते हुए बताया कि ट्रस्ट के नाम करीब 2.5 लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति है। ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी के बाद उन सभी रिपोर्टों पर पूर्णविराम लगा दिया, जिसमें द्वारा आंध्र प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के बान्ड की प्रतिभूतियों में निवेश करने की बात कही जा रही थी। ट्रस्ट की तरफ से बताया गया कि बैंकों में 16,000 करोड़ रुपये के साथ-साथ 10.25 टन सोना और 2.5 टन सोने के आभूषण जमा है। ट्रस्ट ने आगे कहा कि पूरे भारत में ट्रस्ट की 960 संपत्तियां हैं। मालूम हो कि मंदिर की स्थापना के बाद यह पहली बार है जब ट्रस्ट ने संपत्तियों के बारे में खुलासा किया है। बैंकों के ब्याज और चढ़ावे में हो रही बढ़ोतरी मंदिर के एक अधिकारी ने कहा कि तिरुपति में भक्तों द्वारा चढ़ाए जा रहे नकद और सोने में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण मंदिर के संपत्तियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि बैंकों से मिलने वाले ब्याज के कारण भी यह बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ट्रस्ट ने बताया कि साल 2022-23 में 3,100 करोड़ का बजट पेश किया गया था, जिसमें से 668 करोड़ रुपये तो बैंकों से मिलने वाले ब्याज के ही थे। मंदिर के अधिकारियों ने आगे कहा कि ट्रस्ट द्वारा संपत्तियों का जो विवरण दिया गया है उनमें प्राचीन आभूषणों और कुछ गेस्ट हाउस को शाामिल नहीं किया गया है।शेयर बाजार के आकड़ों के मुताबिक तिरुपति मंदिर की संपत्ति भारत के कई बड़े कारोबारों से भी अधिक है।

## अरुणाचल के भारत-चीन बॉर्डर से लापता हुए दो युवक अपहरण की है आशंका



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में पिछले ढाई महीने से दो युवक लापता हैं। इस मामले पर केस दर्ज कर लिया गया है। अरुणाचल का अंजॉ क्षेत्र भारत-चीन सीमा से जुड़ा हुआ है। लापता युवकों में से एक के बड़े भाई का कहना है कि हमें संदेह है कि उन्होंने भारतीय सीमा पार की और चीन ने उनका अपहरण कर लिया। हम केंद्र सरकार से उन्हें ढूंढने में मदद करने की अपील करते हैं।

## राजस्थान और पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगाने के नहीं हो रहे पर्याप्त प्रयास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि राजस्थान और पंजाब की सरकारें पराली जलाने पर रोक लगाने की दिशा में पर्याप्त



प्रयास नहीं कर रही हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2021 की तुलना में इस साल अक्टूबर में राजस्थान में पराली जलाने की घटनाओं में 160 और पंजाब में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उनके अनुसार, पंजाब में अक्टूबर 2021 में पराली जलाने की 13,269 घटनाएं सामने आई थीं और अक्टूबर 2022 में ये 16,004 रहीं। वहीं, राजस्थान में यह संख्या 124 से बढ़कर 318 हो गई। मंत्री ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं से दिल्ली-एनसीआर की हवा की गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य अच्छा काम कर रहे हैं। इन दोनों राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में गिरावट आई है। उत्तर प्रदेश में अक्टूबर 2021 में पराली जलाने की 1,060, जबकि इस साल अक्टूबर में 768 घटनाएं सामने आईं।

## विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर ब्राजील के साओ पाउलो पहुंचे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन सात-आठ नवंबर को ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं। राज्य मंत्री आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर ब्राजील के साओ पाउलो पहुंचे हैं। इसकी जानकारी उन्होंने ट्वीट कर दी है। दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय विचार-विमर्श में हिस्सा लेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, 'मैं भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर ब्राजीलियाई कांग्रेस को संबोधित करने और ब्राजील के नेतृत्व और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।'



विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, विदेश राज्य मंत्री के रूप में मुरलीधरन की यह पहली ब्राजील यात्रा है। मंत्रालय के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान विदेश राज्य मंत्री आठ नवंबर को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ब्राजील की संसद में आयोजित एक सत्र में हिस्सा लेंगे। उनका ब्राजील की संसद के उच्च एवं निचले सदन के सदस्यों, राजनयिकों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं ब्राजील की सरकार के प्रतिनिधियों को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है।बयान में कहा गया है कि विदेश राज्य मंत्री अपनी यात्रा के दौरान ब्राजील के उपराष्ट्रपति से भेंट करेंगे और वहां के विदेश मंत्री से चर्चा करेंगे। मुरलीधरन का साउ पाउलो में भारतीय समुदाय से मुलाकत करने का भी कार्यक्रम है।

## चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन आज से, ये हैं ट्रेन की खासियत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वंदे भारत एक्सप्रेस देशभर में तेजी से विस्तार हो रहा है। अब दक्षिण भारत को भी पहली वंदे भारत एक्सप्रेस मिलने जा रही है। चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन आज से चेन्नई के



एमजी रामचंद्रन सेंट्रल रेलवे स्टेशन से शुरू हो रहा है। बता दें कि देशभर में अब तक 4 वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनका लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं। चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस इस कैटेगरी की देश में पांचवीं ट्रेन होगी चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस कई मायनों में खास है। चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन आज से शुरू हो गया है। जल्?द ही इसे आमलोगों की सेवा में उपलब्ध करा दिया जाएगा। चेन्नई-मैसूर वंदे भारत से 497 किलोमीटर का सफर केवल 6 घंटे 40 मिनट में तय हो जाएगा। बता दें कि यह 52 सेकेंड में 100 मील प्रति घंटे की गति पकड़ लेगी। बताया जा रहा है कि चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन पूरा होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे के संचालन में चलाई जाने वाली यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन बिजली पर चलती है। ये अब तक लॉन्च हो चुकी ट्रेन में सबसे आधुनिक संस्करण है। ऐसे में यह पिछली चार वंदे भारत ट्रेन से खास है यचेन्नई-मैसूर वंदे भारत ट्रेन तकनीक में बेहद उच्च है। यही वजह है कि ये दूसरी साधारण ट्रेनों के मुकाबले तेज गति प्राप्त कर पाती हैं। साथ ही ये ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित कोच से लेस होती हैं। आरामदायक सीट (आगे पीछे झुकने की सुविधा वाली सीट) से सफर में थकान महसूस ही नहीं होती है। वंदे भारत ट्रेनों में दो भाग होते हैं, पहला एक्जिक्यूटिव और दूरी इकोनॉमी कार और इनके किराये में भी अंतर होता है। 1128 यात्रियों की क्षमता वाली इस ट्रेन में 16 कोच होंगे देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 वर्षों का अखिल भारतीय समारोह है, जिसके तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ऐसे में मोदी सरकार ने देशभर में 75 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य रहा है। इनमें से 4 चलाई जा चुकी हैं और पांचवीं का ट्रायल रन आज से शुरू हो गया है।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की धुंध हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ बर्फबारी का है अलर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**राजधानी दिल्ली में पिछले कई दिनों से प्रदूषण काफी बढ़ा है। इसी बीच, दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में



प्रदूषण के कारण धुंध (एस्दु) छाई हुई है। धुंध की वजह से दिन में आसमान साफ दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं, देश के कई हिस्सों में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (घ्इअ) ने 07, 09 और 10 नवंबर को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के कई जगहों पर बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में बर्फबारी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि 09 नवंबर के आसपास श्रीलंका तट से दूर दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके बाद इसे 48 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम की ओर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों की ओर बढ़ने की संभावना है। इस कारण से मौसम संबंधी गतिविधियों में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और केरल और माहे में भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने पंजाब के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। स्काईमेट के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर और आसपास के क्षेत्र पर बना हुआ है। एक प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पाकिस्तान और इससे सटे पंजाब के हिस्से पर बना हुआ है। इसके कारण अगले दो से तीन दिनों तक पूर्वी हवाएं चलती रहेंगी। इसलिए खेत की आग से निकलने वाले धुएं का योगदान निचले स्तर पर रहेगा।

## कृषि क्षेत्र पर भी दिखेगा ग्लोबल वार्मिंग का असर

### वर्ष 2080 तक 40 प्रतिशत घट सकती है गेहूं की पैदावार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देहरादून।** ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव का असर जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र पर भी देखा जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग यदि इसी गति से बढ़ती रही तो वर्ष 2080 तक देश में गेहूं की पैदावार में 40 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है। केवल गेहूं की फसल ही नहीं, धान की पैदावार में 30



प्रतिशत और मक्का की फसल में 14 प्रतिशत की कमी आ सकती है। प्रति हेक्टेयर पैदावार घटने और जनसंख्या के साथ-साथ मांग बढ़ने से देश को असंतुलन की स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है। यह अध्ययन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के देहरादून स्थित सेंटर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रिमोट सेंसिंग (आइआइआरएस) के विज्ञानियों ने किया है। अध्ययन के निष्कर्षों को उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में विज्ञान भारती और इसरो के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'आकाश तत्व' के दौरान रविवार को आइआइआरएस के कृषि एवं मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एनआर पटेल ने साझा किया। डा. पटेल की अगुआई में चार सदस्यीय विज्ञानियों की टीम ने तीन साल तक क्लाइमेट चेंज इंपैक्ट आन एग्रीकल्चर विषय पर सेटेलाइट डाटा के माध्यम से उत्तराखंड के देहरादून समेत हिमाचल व जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय क्षेत्रों पर अध्ययन किया। डा. पटेल ने बताया कि अध्ययन का आधार वर्ष 1960 से 2080 के बीच देश में कृषि की दशा और दिशा है। उनकी टीम ने वर्ष 1960 से 1990 तक की अवधि का अध्ययन किया और उस दौरान ग्लोबल वार्मिंग का कृषि क्षेत्र में कितना प्रभाव पड़ा, इसके इंडेक्स भी तैयार किए। इन 30 साल की तुलना में वर्ष 1990 से लेकर 2020 के बीच ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव 30 से 40 प्रतिशत अधिक पाया गया।डा. पटेल के मुताबिक ग्लोबल वार्मिंग का सबसे अधिक प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से कृषि क्षेत्र पर पड़ रहा है। समय पर वर्षा न होना, लंबे समय तक सूखे की स्थिति, असमय भारी वर्षा, पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से उपजाऊ मिट्टी का क्षरण, सिंचाई के लिए समय पर पानी न मिलना, मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति, गेहूं, चावल व मक्की की घटती पैदावार के अन्य वातावरणीय कारक हैं।

## केरल सरकार और राज्यपाल आमने-सामने, गवर्नर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी राज्य सरकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, वाम दलों और डीएमके नेता के सहयोगियों के साथ बड़े पैमाने पर राजभवन



पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेगा। सांसद तिरुचि शिवा भी इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), केरल राज्य समिति के सचिव गोविंदन मास्टर ने कहा कि ठ राज्यपाल को लंबे समय तक विधेयकों को रखने की अनुमति नहीं है। हम इस अनिश्चितता से लड़ने के लिए किसी भी हद तक आगे बढ़ेंगेठ। एमवी गोविंदन मास्टर ने कहा कि पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी 15 नवंबर को विरोध प्रदर्शन का उद्घाटन करेंगे।राज्यपाल आरिफ खान ने कहा कि ठमाकपा 15 नवंबर को मार्च न करें बल्कि उस दिन विरोध प्रदर्शन आयोजित करें जब मैं राजभवन में रहूं। मैं वहां आऊंगा, चलो एक सार्वजनिक बहस करते हैंठ। उन्होंने आगे कहा कि ठकुलपतियों को उनके कर्तव्य करने से रोका जा रहा है, कानून और व्यवस्था के मुद्दे पैदा किए जा रहे हैं, मुझे 'गंभीर परिणाम' की धमकी दी जा रही हैठ। केरल सरकार ने द्वारा जारी किए गए 11 अध्यादेशों पर राज्यपाल ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था जिसके बाद से राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच के संबंध बिगड़ते चले गए। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की सरकार ने बाद में 11 अध्यादेशों को पारित करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया। हालांकि, बाद में राज्यपाल ने 9 विधेयकों पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन 2 पर उन्होंने रोक लगा दी। ये दो अध्यादेश थे। पहला- लोकायुक्त की शक्तियों को कम करना और दूसरा- विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में राज्यपाल की शक्तियों को कम करना। राज्य सरकार राज्यपाल पर आरोप लगा रहे है कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा को राज्य के शिक्षा क्षेत्र में लाने की कोशिश कर रहे थे। राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच की लड़ाई थमने का नाम ही नहीं ले रही है। बता दें कि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने 9 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को इस्तीफा देने का निर्देश दिया था जिसके फैसले को माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने गलत बताया। येचुरी ने कहा कि संविधान राज्यपाल को ऐसा निर्देश जारी करने की अनुमति नहीं देता है। माकपा नेता ने कहा कि राज्यपाल को ऐसे निर्देश देने का कोई भी अधिकार नहीं है। ये एक अवैध और राजनीति से प्रेरित निर्देश है। सीताराम ने केरल के राज्यपाल पर राज्य में उच्च शिक्षा को नियंत्रित करने का आरोप लगाया। येचुरी ने कहा, 'सबको पता है कि केरल में उच्च साक्षरता दर क्या है। लेकिन राज्यपाल उच्च शिक्षा प्रणाली को नियंत्रित करके नष्ट करना चाहते हैं।' कुलपतियों को इस्तीफा देने के निर्देश जारी करने का मकसद उच्च शिक्षण संस्थानों को नियंत्रित करके आरएसएस हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि न्यायपालिका इस पर संज्ञान लेगी और संविधान ऐसे आदेश जारी करने की अनुमति नहीं देता है।

## पहली बार रूस जा रहे विदेश मंत्री जयशंकर, युद्ध रोकने का फिर संदेश दे सकता है भारत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज से रूस की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के बाद से रूस की अपनी पहली यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। मंत्री आठ नवंबर को रूस की मंत्री से मंत्रणा करेंगे जहां वे द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय एजेंडे पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की प्रस्तावित यात्रा पर विदेश मंत्रालय की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। करीब दो सप्ताह पहले क्रीमिया में एक बड़े विस्फोट के बाद रूस और यूक्रेन में नए सिरे से टकराव शुरू हो गया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव आठ नवंबर को मास्को में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत करेंगे। दोनों मंत्री द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे पर चर्चा करेंगे। अमेरिका सहित पश्चिमी देश भी भारत की ओर इस उम्मीद से देख रहे हैं कि वह रूस पर दबाव डालकर यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने का प्रयास करे। जयशंकर की रूस यात्रा भी इसी उम्मीद के साथ देखी जा रही है। हालांकि अभी तक भारत की तरफ से बयान नहीं आया है। वैसे रूसी बयान के मुताबिक जयशंकर का राष्ट्रपति पुतिन के साथ मुलाकात का कोई प्लान नहीं है। लेकिन इस बात की उम्मीद लगाई



जा सकती है कि भारत रूसी विदेश मंत्री को एक बार फिर से साफ लहजों में कह सकता है कि 'यह दौर युद्ध का नहीं है।' सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय बैठक में जयशंकर पुतिन के लिए संदेश भिजवा सकते हैं। मोदी ने 16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में कहा था, 'आज का युग युद्ध का नहीं है।' भारत ने यूक्रेन पर रूस के हमले की अभी तक निंदा नहीं की है और कहता आ रहा है कि संकट का समाधान संवाद और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। रूस ने लगभग दो सप्ताह पहले क्रीमिया में एक बड़े विस्फोट के जवाब में यूक्रेन के अनेक शहरों को निशाना बनाकर मिसाइल हमले शुरू किए जिसके बाद दोनों के बीच टकराव बढ़ गया है। विस्फोट के लिए रूस ने यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया। फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमलों की शुरुआत के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात कर चुके हैं। मोदी ने जेलेंस्की के साथ चार अक्टूबर को फोन पर हुई बातचीत में कहा था कि कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता और भारत शांति के किसी भी प्रयास में योगदान देने को तैयार है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से कहा था कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से निकाला जाना चाहिए और किसी भी पक्ष को परमाणु विकल्प पर विचार नहीं करना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शोइगु ने फोन पर हुई बातचीत में सिंह को संघर्ष प्रभावित यूक्रेन के मौजूदा हालात से अवगत कराया जिसमें 'डर्टी बम' का इस्तेमाल करके उकसावे वाली कार्रवाई को लेकर चिंताएं शामिल हैं। सिंह का यह संदेश रूस के साथ ही यूक्रेन का समर्थन कर रहे पश्चिमी देशों के लिए भी एक संदेश है कि परमाणु विकल्प का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यूक्रेन के पास कोई परमाणु आयुध नहीं है।

# भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें नमामी गंगे प्रोजेक्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** महामना मालवीय गंगा शोध केन्द्र बी एच यू वाराणसी के चेयरमैन विश्व विख्यात पर्यावरण गंगा समन्वयक कि टिम करेगी, डगंगा सह समन्वयक रेखा तिवारी (कामाख्या सेवा संस्थान प्रयागराज) की अगुवाई में चलेगा



वैज्ञानिक प्रो बी डा त्रिपाठी जी के निर्देशन, व शेखर व वैभव पांडे, के मार्गदर्शन में शिक्षित व प्रशिक्षित इको स्किल्ड गंगा मित्रों ने परियोजना के अंतर्गत गंगा जल संरक्षण परियोजना का लक्ष्य 2025 तक 1100 इच्छुक गंगा जल संरक्षण समिति / समिति इकाई को प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार दिला कर आत्मनिर्भर बनाना है, परियोजना का नेतृत्व प्रयागराज से बलिया तक 315 किमी गंगाक्षेत्र में 135 प्रशिक्षीत जिन्होने स्पष्ट किया की समिति के सदस्यो को एक माह पुर्व मठरी नमकीन बनाने हेतु शिक्षीत व प्रशिक्षीत किया गया था, आज समिति प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि स्वामी नन्दानंद जी महराज थे, जिन्होने समिति के आत्मनिर्भरता हेतु शुभकामनाएँ व 2100 रू0 की राशि का अनुदान देते हुए कामाख्या टीम की रेखा तिवारी की सक्रियता जोरों पर वादाता राकेश मिश्रा आधुनिक समाचार बारा।

# प्रयागराज में 90 बीघा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग जमींदोज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने शनिवार को जोन संख्या-2 में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 90 बीघा की भूमि पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। पीडीए के जोनल अधिकारी एवं ओएसडी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जोन संख्या-2 में देवघाट झलवा में कविता अग्रवाल द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल में, उमेश पाल एवं मनोज सिंह व अजय सिंह द्वारा 15 बीघा में, खेलगांव पब्लिक स्कूल के बगल मुकेश कुमार पटेल द्वारा 15 बीघा तथा बजहा पावर हाउस के पीछे ससुर खदेरी नदी में अज्ञात लोगों द्वारा 40 बीघा क्षेत्रफल में की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया है। उक्त कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त पुलिस बल एवं पीडीए प्रवर्तन की टीम उपस्थित रही।



# यीशु दरबार बिशप के अभिषेक की दसवीं वर्षगांठ मनाई गई,विश्व शांति को लेकर डेंगू के बढ़ते मामलें पर निजात पाने के लिए हज़ारों हाथों से की गई प्रार्थन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** प्रयागराज नैनी स्थित शुआट्स कुलपति प्रोफेसर राजेन्द्र बी. लाल के यीशु दरबार चर्च के बिशप अभिषेक की दसवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गयी। वर्षगांठ के किया और सेवकाई के लिए चुना। उन्होंने कहा कि बिना क्रूस के मसीह के पास पहुंचना असम्भव है। मसीह के पास पहुंचने के लिये आपको घमण्ड को समाप्त करना होगा, ईर्ष्या व झूठ को त्यागना होगा। प्रो. राजेन्द्र बी. लाल को उनके महान कार्य के लिये बधाई दी।मौलाना शमशेर आलम ने बिशप डा. आर.बी. लाल को इंसानियत खिदमत की नजीर बताते हुए कहा कि यीशु दरबार को गंगा- जमुना देश के कल्याण और शान्ति के लिये डा. आर.बी. लाल को बिशप के रूप में चुना।प्रोफेसर सर्वजीत हरबर्ट, डा. वी.एम. प्रसाद और रेव्ह जय प्रकाश ने सामूहिक भजन 'मसीह तुमरो मार्ग क्रूस से जावे।





मौके पर डेंगू बीमारी से जूझ रहे लोगों को निजात मिले और इस बीमारी का प्रकोप रूके,इसको लेकर हज़ार हाथ एक साथ दुवाओं के लिए उठे। प्रार्थना के माध्यम से आए हुए लोगों ने ईश्वर से विश्व शांति की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रोफेसर सर्वजीत हरबर्ट ने किया। शुरूआत प्रभु यीशु मसीह के प्रार्थना से हुई। इस्रायल से आये रेव्ह. रबई ने हिब्रू भाषा में परमेश्वर की महिमा का बखान किया और बिशप प्रोफेसर राजेन्द्र बी. लाल के लिये विशेष प्रार्थना की गई।बिशप राजेन्द्र बी. लाल ने परमेश्वर का धन्यवाद दिया कि परमेश्वर ने यीशु दरबार के बिशप के रूप में उन्हें आशीषित सच्चाई के मार्ग पर चलने पर ही हम मसीह तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने बाईबल वचन साझा किया जिसमें यीशु मसीह ने कहा है कि पुनरूत्थान और जीवन मैं हूँ, जो यीशु मसीह पर विश्वास करेगा वो अनन्त जीवन प्राप्त करेगा। यदि हम विश्वास की अवस्था में होंगे तभी हमें अनन्त जीवन प्राप्त होगा।डा. सुधा लाल ने कहा कि प्रभु में बने रहने पर हमें आशीष मिलती है और सच्चाई के मार्ग पर चलने पर प्रभु प्रसन्न होता है।स्वामी प्रभाकर महाराज जी ने कहा कि यीशु दरबार में समस्त समुदाय के लोग मंच पर आसीत हैं, समाज का कल्याण और उत्थान ऐसे ही सम्भव हो सकता है। उन्होंने बिशप तहजीब का केन्द्र बताया जो लोगों को सत्य पर चलने, दुश्मनों से प्रेम करने, धोखा नहीं देने का संदेश देता है।कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने शुआट्स और यीशु दरबार की ओर से बिशप डा. आर.बी. लाल और यीशु दरबार की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल को शॉल पहनाकर सम्मानित किया व बिशप महोदय को स्मृति चिन्ह दिया। उन्होंने बिशप डा. आर.बी. लाल को महात्मा फूले द्वारा पहनी जाने वाली विशेष टोपी के समान टोपी पहनाकर उन्हें महात्मा उपाधि से विभूषित किया।बिशप जगधारी मसीह वे बिशप मोरीस एडगर दान ने विशेष प्रार्थना करते हुए परमेश्वर का धन्यवाद दिया कि परमेश्वन ने हंसराज यादव ने भी भजन की प्रस्तुति दी। यीशु दरबार के बच्चों ने मसीही गीत धन्यवाद से दिल मेरा भर के प्रभु की प्रस्तुति दी जिसने सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर शुआट्स के प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रोफेसर एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रोफेसर. जोनाथन ए. लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, निदेशक आईक्यूएसी प्रोफेसर. ए.के.ए. लॉरेन्स, प्रो. रंजन ए. जॉन, रेव्ह. डेविड फिलिप्स, रेव्ह. वी.के. सिंह, रेव्ह. पी.जे जॉर्ज सहित निदेशकगण, कर्मचारी, शिक्षक एवं यीशु दरबार चर्च के सेवकगण के साथ विभिन्न जनपदों से आये श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रयागराज महिला टीम ने ( राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ) का मनया स्थापना दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की 5 साल पूरे होने पर महिला टीम के द्वारा प्रयागराज में आज दिनांक 6 नवंबर 2022 को स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्राथमिक कन्या विद्यालय प्राइमरी स्कूल प्रयागराज मैं बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में अवेयरनेस प्रोग्राम किया और कई नए लोगों को सदस्यता भी दिलवाई गई इस कार्यक्रम में जिला प्रयागराज महिला अध्यक्ष श्वेता साहू , प्रयागराज जिला संरक्षिका नीता भरद्वाज जी , एक्टिव मेंबर पूनम सिंह जी , स्नेह लता जी और अन्य कई महिलाएं शामिल रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के विषय में बताया गया और लोगों को जागरूक किया गया, इस कार्यक्रम की शुरुआत महिला जिला अध्यक्ष श्वेता और उनकी टीम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।की टीम का स्वागत बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के द्वारा किया और मिठाइयां फल इत्यादि बांटे गए कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा और आगे भी इसी तरह कार्यक्रम संस्था के द्वारा होते रहेंगे यह संकल्प लिया गया।



# स्वस्थ रहे लोग तभी स्वस्थ रहेगा वार्ड- ई नीलम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** दिन रविवार को डेंगु, मलेरिया, संचारी रोग थाम अभियान के तहत उत्तर प्रदेश शासन के स्वास्थ विभाग और नगर निगम प्रयागराज के तत्वाधान में नैनी के चक भटाई वार्ड -81 के लोकप्रिय बीजेपी पार्षद ई. नीलम यादव के प्रयास से मोहल्ला क्लिनिक का आयोजन किया गया जिसमें लोगों की निःशुल्क परामर्श, ब्लड जाँच व दवाई वितरण किया गया। जिसमे जिला की माशूरडाक्टरों जिसमें डॉ निधि डॉ आशीष - ऋतु कुमार, फर्माशिष्ट- आलोक पांडेय, वार्ड बॉय- उमेश, ए.न.म- श्रीमती पूजा, कल्पना व मंजू, आशाबहू- आशा गुप्ता और आगँनवारी- सावित्री सिंह और रेनु पांडेय लोगों की सेवा में उपस्थित हो कर 125 दज् किया और 25 लोगों की बुखार ब्लड जाँच 35 अन्य जाँच किया गया।



# जिलाधिकारी संगम क्षेत्र में पहुंचकर देव दीपावली की तैयारियों का लिया जायजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** देव दीपावली कार्यक्रम को भव्य एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री रविवार को संगम क्षेत्र में पहुंचकर 07 नवम्बर को आयोजित होने वाले देव दीपावली कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली कार्यक्रम को भव्य एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने संगम सहित अन्य घाटों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराये जाने हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी एवं नगर निगम को निर्देशित किया है। उन्होंने वहां पर पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट, पीने के पानी तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने पुलिस विभाग को संगम क्षेत्र में देव



दीपावली कार्यक्रम के अवसर पर लोगो के आने एवं जाने वाले मार्गों की तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। कहा कि कार्यक्रम के दौरान वहां पर जाम की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। विद्युत विभाग को जनरेटर, लाइटिंग एवं सजावट से सम्बंधित कार्यों को कराये जाने के लिए कहा है। पीडब्लूडी को चकर्ड प्लेट व मार्गों को व्यवस्थित किए जाने के लिए कहा है। गहरे पानी की सीमा पर बैरिकेटिंग के साथ-साथ जल पुलिस, गोताखोर की भी पर्याप्त संख्या में तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने अग्निशमन विभाग को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को वहां पर हेल्थ कैम्प एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मार्गों पर साइनेज भी लगाये जाने के लिए कहा है। सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने दीपदान कार्यक्रम के समय सेक्टर मजिस्टेट्रटों को अपनी देखरेख में अपने-अपने सेक्टरों में समुचित ढंग से दीपों को जलवाये जाने के लिए कहा है। देव दीपावली कार्यक्रम के अवसर पर संगम क्षेत्र में सैण्डआर्ट, सेल्फी, लेजर शो किए जाने हेतु पीडीए को कहा है। देव दीपावली के अवसर पर संगम क्षेत्र सहित अन्य घाटों को 11 लाख दीपों से जगमग किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, पीडी ए0के मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# पूर्व सैनिकों की फौज प्रयागराज में बेकाबू डेंगू को रोकेगी, नगर निगम ने सौंपी जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** प्रयागराज में बेकाबू होते डेंगू को रोकने के लिए नगर निगम ने अनोखी पहल की है। डेंगू मच?छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में नगर निगम फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करा रहा है। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम की ओर से अब पूर्व सैनिकों को लगाया गया है। पूर्व सैनिक वार्डों में हो रही फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव हर गली और मोहल्लों में कराएंगे। इसके अलावा कीटनाशक की गुणवत्ता भी परखेंगे। पूर्व सैनिक वार्डों में दवा के छिड़काव की करेंगे मानीटरिंग : फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करने वाले आठ बड़े वाहनों पर पूर्व फौजियों को लगाया गया है। राजापुर, अल्लापुर, गोविंदपुर, सलोरी,तेलियरगंज,मेंहदौरी, खुल्दाबाद,फाफामऊ, करेली, चकिया आदि क्षेत्रों में तेजी से डेंगू बढ़ रहा है। सभी वार्डों में दवा के छिड़काव की मानीटरिंग करेंगे। क्या



कहते हैं नगर निगम के प्रवर्तन अधिकारी : नगर निगम के प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आरबी सिंह ने बताया कि फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव बेहतर तरीके से किया जाए, इसके लिए पूर्व सैनिकों को स्पेशल रूप से लगाया गया है। अब सभी वार्डों में कितनी मात्रा में कीटनाशक मिलाकर छिड़काव किया जा रही है, वह इस पर नजर रखेंगे। 408 स्थानों पर फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव : डेंगू नियंत्रण कक्ष से जारी बुलेटिन के अनुसार पांच नवंबर को डेंगू के उपचार की व्यवस्था एवं डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए सरकारी अस्पतालों में कुल 61 बेड, प्राइवेट अस्पतालों में कुल 1105 बेड उपलब्ध है। डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए कुल 408 स्थानों पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया साथ ही साथ 408 स्थानों पर फागिंग भी कराई गई। डेंगू बुलेटिन के अनुसार कुल 97 मलिन बस्तियों में फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव हुआ है। 529 परिषदीय विद्यालयों, 40 माध्यमिक विद्यालयों में फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। 2646 हाटस्पाट क्षेत्र का सर्वे किया गया। इसमें से कुल 23 स्थानों पर जहां लार्वा पाया गया है, उसको भी नष्ट किया गया।

# अधिवक्ता और उसकी पत्नी पर छेड़खानी का मुक़दमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** कर्नलगंज इलाके में रहने वाली एक महिला को परेशान करने का मामला सामने आया है। उसने एक अधिवक्ता और उसकी पत्नी के खिलाफ छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि वह काम करने के लिए एक घर में जाती है। वहां पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता उसे घूरते रहते हैं। अश्लील हरकत करते हैं। एक बार उसने विरोध किया तो उसकी पत्नी सामने आ गई। वह धमकी देने लगी कि इसको सबक सीखा दो। इस धमकी के बाद से महिला डर गई। उसने आईजीआरएस पर अधिवक्ता के खिलाफ शिकायत की। सीओ कर्नलगंज ने जांच के बाद कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया।



# वरुणा नदी में उतराया शव को पुलिस ने बिना शिनाख्ता ही शव को नदी किनारे जमीन में शव को दफन कर दी

## लोहता के लोहारपुर वरुणा नदी में मिला कफन लिपटा अज्ञात शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी/हरहुआ।** पीएम के सांसदीय क्षेत्र में कमिश्नरेट पुलिस होने के बाद भी प्रशासन अपने कार्यों को ठेंगा दिखाते हैं अब पुलिस है। वाह रे प्रशासन शव को बिना शिनाख्त ही शव को जमीन में दफन कर दिया क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं शुरू जी हां बताते चलें मामला लोहता थाना क्षेत्र के तरह शव को पानी से निकलवाया। उसे शिनाख्त कराए बिना ही कोईराजपुर बॉर्डर के समीप नदी किनारे दफन कर दिया। पुलिस के इस कृत से ग्रामीणों में रोष फैल



प्रशासन भी केवल लाभ की जगह ही जाना पसंद कर रही है। अंदाजा महज उसके इस कार्य को देखकर लगाया जा सकता है।कि जब नदी में उतराए एक शव को जहां एक थाने की पुलिस अपनी क्षेत्र 9 बताते हुए किन्नी काट कर लेती है तो वही दूसरे थाने की पुलिस लावारिस शव बिना पोस्टमार्टम कराए बिना ही उसे नदी किनारे दफन कर देती लोहारपुर रिंग रोड ब्रिज वरुणा नदी के पुल के समीप का है। बताते हैं कि नदी के बीचो-बीच में कफन लिपटा एक अज्ञात शव उतराया मिला तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना हरहुआ व बड़ागांव पुलिस दीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला लोहता थाने का बताकर पल्ला झाड़ते व कन्नी काटी कर ली।वही फिर मौके पर पहुंची लोहता पुलिस ने किसी गया है। उनका कहना है कि उक्त लाश स्त्री की है या पुरुष की इसकी पहचान कराना भी पुलिस ने मुनासिब नहीं समझा।वही लोहता थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया नदी में उतराया शव दाह संस्कार की हुई थी जिसे नदी से बाहर निकलवाकर गड्ढा खुदवाकर पुनः दफन करा दिया गया।

# बलिया के विकास के लिये लंबित नहीं रहेंगी कोई भी परियोजना-सीएम योगी

## सीएम ने बागी धरती को 75 करोड़ की 46 परियोजनाओं का दी सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।**सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि,पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है। आश्वस्त किया कि बलिया के विकास के लिए कोई परियोजना लंबित नहीं रहेगी। हम सब मिलकर मजबूती के साथ काम करेंगे। यहां की ऊर्जा का भरपूर प्रयोग हो तो लोगों की आमदनी को कई गुना बढाया जा सकता है। इसके साथ ही सीएम योगी ने बलिया में 75 करोड़ की 46 परियोजनाओं का दी सौगात! भृगु कॉरिडोर व मेडिकल कालेज के शीघ्र भेजा जाए प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले दिनों बलिया आगमन के दौरान भी हमने कहा था कि पर्यटन के क्षेत्र में यहां विकास की अपार संभावनाएं है। भृगु बाबा कॉरिडोर के लिए जिला प्रशासन से प्रस्ताव बनाकर भेजने की अपेक्षा की। चंद्रशेखर के गांव इब्राहिमपट्टी में बने अस्पताल को बेहतर ढंग से संचालित करने की दिशा में कदम बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यहां मेडिकल कालेज के लिए जमीन उपलब्धता के बाद प्रस्ताव भेजा जाए। जनप्रतिनिधियों संग बैठक कर शीर्ष प्रथनिकता पर इस कार्य को लिया जाए। स्पष्ट कहा कि अगर समय



पर जमीन मिल गयी होती तो बलिया में भी अब तक मेडिकल कालेज चल रहा होता। महिला स्वावलंबन की पहल सराहनीय निराश्रित महिलाओं को महिला स्वावलम्बन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि टूल किट देने के बाद इनके प्रशिक्षण व अन्य व्यवस्था को कर लिया जाए। मिल प्रोड्यूसर के साथ पोषण मिशन के साथ भी इनको जोड़ने पर बल दिया, ताकि पोषण से जुड़े कार्य पारदर्शी तरीके से हो सके। झांसी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने इस दिशा में सकारात्मक परिणाम दिखाया है। रेडीमेड गारमेंट्स के रोजगार में भी महिलाओं के लिए सम्भावनाएं हैं। इससे भी उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। तीन किसानों को दिया भारत सरकार का पंजीयन प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री ने जनपद में सब्जियों के निर्यात, जिसमें बलिया का मिर्चा लेकर दोहा कतर के लिए जाने वाले ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले कृषक संगठनों की सराहना की। मंच से इन संगठन के तीन किसानों को भारत सरकार का पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कहा कि महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा में भी यह क्षेत्र मददगार साबित होगा। दयाशंकर सिंह का एक बार फिर मेडिकल कालेज पर फोकस परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने एक बार मेडिकल कालेज बनवाने के लिए तेजी से पहल करने की मांग की। साथ ही काशी विश्वनाथ और विंध्य कॉरिडोर की तर्ज पर बलिया में भृगु कॉरिडोर का निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि बलिया के विकास के लिए मुख्य सचिव को यहां लेकर आने से लेकर हरसम्भव प्रयास मुख्यमंत्री ने किया। अब तक जितना मांगा गया, उससे अधिक मुख्यमंत्री की ओर से बलिया को मिला। एक्सप्रेस-वे के बनने से यहां से लखनऊ का रास्ता आसान हुआ और व्यापार के क्षेत्र में तेजी आई। अब ग्रीन फील्ड के बन जाने के बाद बलियावासियों को और सहूलियत मिल जाएगी। जल्द शुरू हो स्पोर्ट्स कालेजः नीरज पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र व राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि हमारे एक अनुरोध पर जिले में बन रहे स्पोर्ट्स कालेज का नाम पिता चंद्रशेखर के नाम पर हुआ। अब उस स्पोर्ट्स कालेज के निर्माण की प्रगति बढाने और उसे शुरू करने की दिशा में तेजी से पहल हो, ताकि खेल के क्षेत्र में जिले की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिल सके। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मांग किया कि सुरहा ताल को जोड़ने वाला कटहल नाला, बैरिया क्षेत्र के भाखड़ नाला को विकसित करने के लिए अनुरोध किया।

# बच्चों के प्रति बढ़ते अपराध का मुख्य कारण बच्चों में जागरूकता की कमी होती हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**माता-पिता अपना कर्तव्य केवल अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, खाना-पीना, कपड़े पहनना, बड़ों का सम्मान करना और अच्छे संस्कार देने तक सीमित मानते हैं. लेकिन वर्तमान समय में बच्चों को यौन शिक्षा देने के साथ ही गुड टच एड बैड टच उन्हें के बारे में बताना भी एक जरुरी विषय है. माता-पिता अपने बच्चों को गुड टच एड बैड टच के बारे में बताना कम जरूरी समझते हैं और संकोच भी करते हैं, जिसके कारण बच्चे यौन शोषण के शिकार होते हैं.। स्वदेश सेवा संस्थान टीम द्वारा क्षसंदीपनीऽशाखा तेलियरगंज बच्चों के बीच गुड टच और बैड टच के बारे में इशिता जी व सिद्धि जी ने बच्चों को समझाया साथ ही बच्चों से चार्ट पेपर पर कलर के माध्यम से बच्चों नेगुड टच के अंतर्गत आने वाले शरीर के अंगो को दर्शाया।





# युवक ने लगाई फांसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चीनी मिल इलाके में किराए का कमरा लेकर रहने वाले एक युवक ने रविवार की रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुबेतालाब नैनी का रहने वाला रोहित कुमार कटियार (30) पुत्र सुरेंद्र कुमार कटियार अपने घर से अलग नैनी चीनी मिल इलाके में किराए का कमरा लेकर रहता था।



# पुरानी पेनशन व्यवस्था बहाली हेतु राज्य कर्मचारियों का विशाल धरना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**पुरानी पेंशन के लियें करेंगे आर पार की लड़ाई–राग विराग राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आवाहन पर आज दिनांक ग्राम पंचायत ,लघु सिंचाई, शिक्षा विभाग आदि के सभी सवर्गों के संबद्ध संगठनों के प्रतिनिधि एवं उनके सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित हुए ।धरना स्थल पर सभी गया धरने की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष राग विराग ने किया संचालन मंत्री विनोद पांडे जी ने किया धरने को संबोधित करने वालों में से प्रमुख रूप से इंजीनियर वीके





धरने को संबोधित करते रागविराग त्रिपाठी

7 /11/ 2020 समय 10:00 से 3:00 बजे तक जनपद अध्यक्ष राग विराग जी की अध्यक्षता में स्थान पत्थर गिरजाघर सिविल लाइंस प्रयागराज पर हजारों की संख्या में गवर्नमेंट प्रेस, शिक्षा निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा परिषद, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, पशुपालन विभाग ,बाल विकास, आंगनवाडी, समाज कल्याण, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम विकास, संबद्ध संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार प्रकट किए धरने में 11 सूत्री मांगों को पढ़कर सुनाया गया इसमें प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा कार्ड बनवाए जाने, संविदा कर्मचारियों आंगनबाड़ी आदि को राज्य कर्मी घोषित करने, रिक्त पदों पर नियुक्ति करने, 1 अप्रैल 2005 के पूर्व नियुक्त वाद में विनियमित हुए कर्मचारियों को विनिमतीय करण को पूर्व की सेवा पेंशन हेतु अहरकारी मानकर पुरानी पेंशन देने आदि। और सदन द्वारा सर्वसम्मति से संपूर्ण मांगों को अनुमोदित किया पांडे, राजेश्वर शुक्ला, संतोष मिश्रा, सुशीला पांडे ,ओपी सिंह ,श्याम सूरत पांडे ,अरुण पांडे ,जितेंद्र चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह, राकेश सिंह, उप मंत्री शुभम त्रिपाठी, महेंद्र कुमार पुष्पाकर ,कमल कुमार त्रिपाठी ,इंजीनियर पीके सरोज ,अमरनाथ मिश्रा ,श्रीमती अर्चना सिंह ,सुरेश सिंह, रामसुमेर, ध्रुवनारायण, अरविंद सिंह, विवेक वर्मा ,संजय आर्यन, उमेश शुक्ला, विकास पांडे, नारायण त्रिपाठी, मंगला पांडे आदि ने किया । विनोद कुमार पांडे जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद प्रयागराज।

# अब घर-घर डेंगू के मच्छरों की खोज शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** तालाब और सड़कों पर भरे पानी के साथ अब घरों में डेंगू के मच्छरों की खोज शुरू हो गई है। डेंगू के लिहाज से शहर के 76 अति संवेदनशील मोहल्लों के घरों में सर्वे के लिए नगर निगम के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने सोमवार सुबह दारागंज, अल्लापुर के कुछ घरों में मच्छरों के उत्पत्ति वाले स्थानों को देखा। इनके अलावा कालिंदीपुरम के भी कुछ घरों का सर्वे किया गया है। कई इलाकों का दौरा करने के बाद नगर आयुक्त ने बताया कि अब हर उस स्थल की पहचान शुरू की गई है, जहां डेंगू के मच्छर पनपते हैं। घरों में पानी के रखरखाव में लापरवाही मिलने पर भवनस्वामी को नोटिस दी जाएगी।


100% Placement

सीधे प्रवेश

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# फ्लाइट इंजीनियर का पूरा परिवा डेंगू संक्रमित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** जिस तरह कोरोना से पूरा परिवार संक्रमित हो रहा था ठीक उसी तरह अब डेंगू भी परिवार के प्रत्येक सदस्यों पर हावी होता जा रहा है। प्रत्येक घर में कोई न कोई डेंगू बुखार से ग्रसित




है तो वहीं कई परिवार ऐसे भी हैं जिसमें प्रत्येक सदस्य डेंगू से पीड़ित हैं। फ्लाइट इंजीनियर रमाकांत सिंह एयर इंडिया में इंजीनियर हैं। मूलतः बिहार के रहने वाले रमाकांत धूमनगंज में किराए के मकान में रहते हैं। इनके पत्नी और दो बेटों समेत यह खुद डेंगू बुखार से ग्रसित हो गए हैं। घर में ताला बंदकर यह जरूरी सामान लेकर अस्पताल में ही आकर भर्ती हो गए हैं। इन सबका प्लेटलेट्स भी लो था। मोहल्ले के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो वह भी सहम गए। फागिंग आदि कराई गई है।रमाकांत बताते हैं कि सबसे पहले उनका चार साल का बेटा तेजस को बुखार आया। पहले तो लगा कि सामान्य बुखार है फिर डाक्टर को दिखाया, जांच के बाद डेंगू की पुष्टि हुई और प्लेटलेट्स करीब एक लाख था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। फिर 11 साल के बेटे रूद्र को भी बुखार आया और जांच में डेंगू की रिपोर्ट आई। हम सहम गए, इसके बाद पत्नी को भी बुखार आने लगा। दवा से राहत नहीं मिली तो पूरे परिवार के साथ आकर यहां डेंगू वार्ड में भर्ती होना पड़ा।

# वोट नही तो विकास नहीं के तर्ज पर प्रधान प्रतिनिधि कर रहे कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला /सोनभद्र।** विकासखंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के वार्ड पांच में नाली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण ऐसे में प्रधान को कई बार सूचनाएं देने के बावजूद भी कभी नहीं सफाई कर्मी को संज्ञान में लेते हुए नही भेजा गया और ना ही कभी इसमें देखने के लिए भी उपस्थित नहीं हुये ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी में लगभग 5 वर्ष पूर्व नाली का निर्माण कराया गया था जबकि नाली के ढक्कन भी लगाया गया ऐसे में बड़े गाड़ियों के आवागमन से नाली टूट कर बिखर गया और इसी बीच कबाड़ से भरने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है जिस को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय ने कई बार स्थानीय समाज कल्याण राज्य मंत्री को भी सूचना दी गई और ब्लॉक प्रमुख जो अपने क्षेत्र की हैं श्रीमति लीलादेवी उन्हें भी अवगत कराया गया तथा ग्राम प्रधान को भी अवगत कराया गया कि किसी तरह से नाली की सफाई हो जाए जिससे पानी का निकास सुचारू ढंग से हो सके ऐसे में कभी भी ग्राम प्रधान द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसको लेकर के आज सड़क पर पानी इतना ज्यादा लग जा रहा है कि त्यौहार में या स्कूल के बच्चे आने जाने में अक्सर धराशाई हो जा रहे हैं और गिर जा रहे हैं कभी-कभी तो रात में चलने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । ग्राम प्रधान से शिकायत करने पर कि वार्ड नंबर 5 में नाली खराब है तो ग्राम प्रधान द्वारा बताया जाता है कि हमें वार्ड नंबर 5 से वोट नहीं मिला है इसलिए हम वहां के बारे में कोई विकास नहीं कर सकते ऐसे में कई बार ग्राम पंचायत सदस्यों ने भी अवगत कराया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं मिला।



# दुद्धी तहसील के एक लेखपाल की कथित वायरल ऑडियो क्लिप के बाद निलंबन की कार्यवाही की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी तहसील के एक लेखपाल की कथित वायरल ऑडियो क्लिप के बाद निलंबन की कार्यवाही की हफ्ते भर भी नही हुई है कि शनिवार को कनहर विस्थापितों ने भिसुर गांव के लेखपाल पर रिश्वत का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल दी, जिससे कनहर परियोजना में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। शनिवार को भिसुर गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल के अलावा सत्यदेव, शशिकांत, देवनाथ, इंद्रदेव सहित अन्य डूब क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसील समाधान दिवस पर दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि भिसुर गांव में तैनात लेखपाल द्वारा विस्थापन पैकेज के नाम पर विस्थापितों से 5 हजार से एक लाख रुपये तक की वसूली की जा रही है।उक्त लेखपाल द्वारा यह भी कहे जाने का आरोप लगाया कि हमारी पहुच ऊपर तक है।यदि तुमलोग खर्च नही करोगे तो विस्थापन पैकेज का लाभ नहीं मिलेगा।इसके अलावा सूची से नाम गायब करने की भी धमकी दी जाती हैं।चूंकि भिसुर गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है, इसलिए लेखपाल को ही सबकुछ मानकर दर्जनों लोगों ने पैसे भी दे दिए है।कनहर विस्थापितों ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच करने की मांग की है। दुद्धी तहसील के एक लेखपाल की कथित वायरल ऑडियो क्लिप के बाद निलंबन की कार्यवाही कीबता दें कि अभी पिछले महीने में ही एक लेखपाल का ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें साफ तौर पर रिश्वत की बात करते हुए सुना गया था।ऑडियो वायरल होने के बाद हरकत में आयी तहसील प्रशासन ने वायरल ऑडियो क्लिप की जांच करवाई तो प्रथम दृष्टया मामला लेखपाल से जुड़े होने के कारण कथित लेखपाल को निलंबित कर दिया गया।कथित लेखपाल के निलंबन के अभी हफ्ते भर भी नही हुए कि कनहर विस्थापितों ने एक और लेखपाल पर रिश्वत का आरोप लगाकर जांच की मांग की जिससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गई है।

# सोनभद्र में चार दिन से गायब युवक का शव बंद मकान में फंदे से लटकता मिला दीवार में चस्पा मिला सुसाइड नोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जिले के ओबरा नगर स्थित वन प्रभाग के आवासीय परिसर में खाली पड़े मकान में दो नवंबर से गायब युवक का रस्सी के फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के पिता वन विभाग में वन रक्षक कर्मी के पद पर तैनात हैं। वहीं परिजन पूर्व में युवक के अपहरण की आशंका जता रहे थे। अपहरण की जानकारी के बाद से ही परिजन और पुलिस दोनों ही युवक की तलाश में जुटे हुए थे। इस बाबत शव मिलने के बाद परिजन और पुलिस को सूचना मिली तो वहां पर लोगों की भीड़ जुट गई। शव मिलने के बाद पुलिस इस मामले को आत?महत?या मानकर ही जांच कर रही है। इस बाबत दो नवंबर की रात तकरीबन 11:30 नितीश पाण्डेय अचानक घर से बिन बताए ही गायब हो गया। उसकी मोबाइल भी बंद थी। उसकी खोजबीन स्वजनो द्वारा नगर से लेकर नाते-रिश्तेदारों तक की गई लेकिन उसका पता नहीं चला।थक हार कर युवक के पिता रमेश कुमार पाण्डेय ने ओबरा थाने में नितीश के गायब होने की तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया था। शनिवार को रमेश कुमार पाण्डेय ने पुनःथाने में तहरीर देकर अपने पुत्र का अपहरण होने की आशंका जताई। इसके बाद पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट शनिवार को दर्ज कर लिया। रविवार को तकरीबन 10:30 बजे वन परिसर में बने टीनशेड के पास एक वन कर्मी फूल तोड़ने गया था, तभी उसे सड़े गले होने की दुर्गंध आने लगी। उसने मकान खोलकर देखा तो रस्सी के सहारे एक शव लोहे की धरन से लटक रहा था। पास जाकर देखा तो वह नितीश पाण्डेय था। जिसकी सूचना तत्काल जाकर उसके स्वजन को दिया। इस पर स्वजन भागते हुए उस मकान के पास पहुँच कर देखे तो शव लटक रहा था। इसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी।



# संयुक्त टीम ने क्रेशर प्लांटो पर मारा छापा नौ क्रेशर पर किया कार्रवाई मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला /सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित क्रेशर प्लांटों पर प्रदूषण नियंत्रण विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मारा छापा कई क्रेशर प्लांट आए जद में, संचालकों में मचा हड़कंप आज रविवार की शाम प्रदुषण की रोकथाम के लिए जारी नियमों को ताख पर रखकर संचालित हो रहे बिल्ली मारकुंडी डाला बाड़ी स्थित क्रशर प्लांट शक्ति स्टोन ,आरती स्टोन सुरेश स्टोन, विंध्य स्टोन, केके एंटरप्राइजेज मां शारदा सेवा समिति, मां शेरावाली स्टोन, वैभव इंटरप्राइजेज, विंध्याचल स्टोन समेत कुल नौ क्रेशर प्लांट सीज कर दिया गया और सभी क्रशर संचालकों को नियमों का पालन करने को निर्देश दिए। इस दौरान अपने अधिकारियों से कहा कि जो क्रेशर प्लांट प्रदूषण नियंत्रण मानक को पूरा नहीं करने वाले को सीज कर दिया जाएं सभी क्रेशर प्लांट संचालकों को शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक क्रशर प्लांट बंद करने के लिए भी निर्देश दिए। इस दौरान टीम में क्षेत्रीय प्रदुषण अधिकारी टीएन सिंह व ओबरा एसडीएम राजेश कुमार सिंह क्षेत्रिय लेखपाल अरुणोदय पांडेय सामिल रहें।



# सोन नदी इंटेक में एक बालक की डूबने से हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला /सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला इंटेक सोन नदी में एक बालक की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग दस बजे अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के आवासीय परिसर सेक्टर बी से चार साथियों ने साइकिल से घूमने के लिए चोपन थाना क्षेत्र के इंटेक सोन नदी गए थे उसी दौरान एक बालक ने पानी चला दिया और पानी का तेज बहाव होने के बालक इंद्रजीत मिश्रा (12) पुत्र अजय मिश्रा निवासी अल्ट्राटेक सीमेंट आवासीय परिसर सेक्टर बी जो डुब गया जिसके उपरांत साथ गए तीनों साथियों ने यह घटना को लेकर राहगीरों को बताया और यह क्षेत्र में आग की तरह फैल गया देखते ही देखते अल्ट्राटेक कंपनी के उच्च अधिकारियों समेत क्षेत्र के लोगों भिड़ इकठ्ठा हो गई और स्थानीयो के कड़ी मस्कत के बाद बालक को खोज निकाला गया और निजी कंपनी के ऐम्बुलेंस से निजी कंपनी के अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना पाकर मौके पहुंची चोपन थाना के बीट प्रभारी त्रिभुवन राय व डाला चौकी इंचार्ज की पुलिस जांच में जुट गई।



# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के रावर्ट्सगंज कोतवाली अंतर्गत सुकृत पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा मधुपुर के दोमुंहा पुल के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा सुकृत पुलिस चौकी को सुचित किया गया। सूचना मिलते ही सुकृत पुलिस चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह व उनकी टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। उधर दुर्घटना का शिकार हीरालाल भारती पुत्र नन्दलाल भारती निवासी सुकृत (उम्र 21 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई। प्रशासन के द्वारा मृतक के परिजनों को सूचित किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल लोढी भेज दिया गया। वहीं खबर लगने तक दुर्घटना करने वाली गाड़ी का कोई पता नहीं चल पाया था।



# गुरमा में खड़े ट्रक में पीछे से घुसी मैजिक, हादसे में चालक सहित तीन घायल, एक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**सोनभद्र में चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलखन में शुक्रवार की बीती रात एक तेज गति से चल रहे यात्री सवारी वाहन टाटा मैजिक अचानक अनियंत्रित होने के बाद सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। वहीं हादसे के बाद चीख पुकार मचते ही लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। हादसे की जानकारी होने के बाद मौके पर पुलिस ने भी पहुंचकर हालात का जायजा लेने के साथ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार रात में तेज गति से आ रही मैजिक अनियंत्रित होने के बाद रोड के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। इस दौरान टक्कर लगने के बाद हादसे में एक व?यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वही इस हादसे में वाहन चालक सहित उसमें सवार तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों से मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर और घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां रात में कुछ की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। रेणुकूट से वाराणसी तक मैजिक लेकर सामान पहुंचाने कुछ लोग गए हुए थे। रात में लौटते समय सलखन में रोड के किनारे खड़ी ट्रक में मैजिक पीछे से जा कर घुस गई। जिसमें सवार बेचन सिंह पुत्र जागेश्वर निवासी शिवा पार्क रेणुकूट की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में विनीत कुमार पुत्र अनिरुद्ध राव, रोहित सिंह पुत्र अखिलेश सिंह और आशुतोष सिंह पुत्र मुक्तिनाथ सिंह निवासी रेणुकूट पिपरी ये सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।



# दुष्कर्म के कथित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/सोनभद्र।** कोतवाली पुलिस ने आज एक दुष्कर्म के आरोपी को रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ,अभियुक्त कहीं रेलगाड़ी पकड़ कर भागने के फिराक में था कि पुलिस को सफलता मिली। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक युवती ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक युवक शादी का झांसा देकर पिछले एक वर्ष से शारीरिक शोषण कर रहा है। प्रकरण में आरोपी के खिलाफ 376 आईपीसी व 3(2)5 एससीएसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त सतनदेव पुत्र बालकेश्वर निवासी जामपानी थाना म्योरपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आरोपी को गिरफ्तार करने वाले टीम में क्राइम इंस्पेक्टर शेषनाथ पाल ,कांस्टेबल इंदल सरोज व रमन कुमार मौजूद रहें।



# चोपन पुलिस ने काफी दिनों से फरार चल रहे तीन वारंटीयो को किया गिरफ्तार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला /सोनभद्र।**पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर महोदय द्वारा वांछित वारण्टी /पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण में चोपन थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थाना चोपन पुलिस ने तीन वारंटी में रामनिवास भारती पुत्र राजेन्द्र भारती निवासी गौरी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर, चन्द्रशेखर सिंह पुत्र रामखेलावन सिंह निवासी मवैया जगदीशपुर थाना चिल्ह, मिर्जापुर ,बलवन्ता पुत्र सरजू निवासी डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया जो कि (थाना चोपन) मामला जिसमें वाचित थे एसटी नं0 10047/2020 धारा 147, 148, 149, 307, 395, 397, 436, 340, 341, 333, 427,504, 506 व 7 सीएलए एक्ट मा0 न्या0 एसीजीएम सोनभद्र इस दौरान टीम में चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत,डाला चौकी प्रभारी अरविन्द गुप्ता-का0 दिलीप यादव-, का0 दिलीप कुशवाहा, का0 दीपक वर्मा-चौकी डाला, थाना चोपन, सोनभद्र 6. का0 रंजीत सरोज शामिल रहे।

# प्रतिदिन लुटेरों का अड्डा बनता जा रहा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला /सोनभद्र।** विकासखंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के टोला अबाड़ी में मिनी गोवा के नाम से जाने जाना वाला पिकनिक स्पॉट दिन प्रतिदिन लुटेरों का अड्डा बनता जा रहा है जिस से ग्रामीण परेशान व लाचार होकर अपने आप को बेबस और मजबूर समझने लगे हैं। विकासखंड चोपन के ग्राम पंचायत कोटा अंतर्गत टोला अबाड़ी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के साथ खरवार बिरादरी जो अनुसूचित जनजाति में आती है निवास करते हैं जिनका अपना खेती बकरी पालन भेड़ पालन गाय पालन आदि करके ही अपने जीवीको पार्जन व दिनचर्या को किसी तरह से पूरा करते हैं घर के शादी ब्याह में अपने जानवरों को भेचकर अपनी सम्मान और इज्जत को बचाते हैं ऐसे में मिनी गोवा में आने वाले पर्यटक कई प्रकार के व्यक्ति जिनका विचार गंदे स्वभाव से भरा होता है जो नदी जंगल के किनारे होने के नाते वे लोग जैसे ही अपने पिकनिक से वापस होते हैं सड़क के किनारे गांव में आसपास बकरी के बच्चे एवं छोटे बकरियों को भी पकड़ कर के ले जाया करते हैं कई बार तो यहां बहुत बार मारपीट भी हो चुके हैं इसमें आदिवासी परेशान हैं क्योंकि अपनी जो जीवीकोपार्जन के लिए मेहनत कर दिन भर बकरियों को चरा कर पेट भरते हैं कि 1 दिन बड़ा होगा और हमारे आवश्यकता की पूर्ति करेगा उसे ही कुछ लोग अपने मंसूबे पर पानी फेरने के लिए उठा ले जाते हैं ऐसे में आदिवासियों ने एक उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन व ग्राम पंचायत द्वारा एक बैरियर लगा दिया जाए जहां वापस होने वाली सभी गाड़ियों की ग्रामीण स्तर पर जांच की जा सके जिसमें कोई भी जानवर बकरी भेड़ मुर्गी लेकर के पर्यटक ना जा सके इस तरह के ऊपर भी लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने की भी आवश्यकता है जिससे पर्यटक स्थल को सुरक्षित हो सुंदर रूप में संजोए रखने के लिए एक यह पहल आवश्यक होगी।



# क्षत्रिय सुनार युवक समिति प्रयागराज के सम्पन्न हुए चुनाव में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** सोनार समाज दरियाबाद धर्मशाला प्रयागराज के त्रिवार्षिक चुनाव मतगणना उपरांत विजयी अध्यक्ष रोहित वर्मा जी (गुलाब), महामंत्री इंद्रेश नाथ वर्मा जी (सोनू), कोषाध्यक्ष शिवम सोनी जी को समाज हित की जिम्मेदारियाँ निभाने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें, जिससे वे बीते कार्यकाल को पुनर्जीवित कर समाज-व्यवस्था को नई दिशा नई ऊर्जा से सिंचित कर समाज हित हेतु अग्रसर रहे आप सभी को हृदयतल बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ।




# आगामी डाला नगर पंचायत चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं की गई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला /सोनभद्र।** सोमवार को मलिन बस्ती के पूर्वी वार्ड में बहुजन समाज पार्टी का एक आवश्यक बैठक सम्पन्न किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल रहे। बैठक में आने वाले निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बसपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल ने कहा कि आने वाले नगर पंचायत चुनाव में पार्टी मजबूती से लड़ेगी और जो भी सीट होगा उसपर अपना मजबूत प्रत्याशी भी उतारेगी। उन्होंने कहा कि 2जून 1991 गोली कांड में ज्ञात 65 और अज्ञात लोगों पर डाला के पूर्व सीमेंट कर्मियों और यहाँ के स्थानीय लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था उसको बहन जी की पूर्ण बहुमत सरकार ने वापस लिया। इस दौरान राणा सुभाष राव अम्बेडकर, अवनीश पांडेय, संजय ठाकुर प्रकाश उर्फ पप्पू सिंह, रामदयाल गोतम , संजय भारती, रमेश भारती के साथ बसपा महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



# मीरजापुर में मरीज को भर्ती नहीं करने पर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को मिलाया फोन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मंडलीय चिकित्सालय के इरमजेंसी में बीमार मरीज को भर्ती नहीं करने पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा नाराज हो गए और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को फोन मिला दिया। उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद डाक्टरों ने तत्काल मरीज को भर्ती कर लिया। डिप्टी सीएम के फोन करने की खबर लगते ही अधिकारी सतर्क हो गए और भागकर अस्पताल पहुंचे। नगर के संकटमोचन निवासी 70 वर्षीय गुलाब चंद जायसवाल को सांस की बीमारी थी। हालत गंभीर होने पर स्वजन उनको लेकर रविवार रात करीब आठ बजे मंडलीय चिकित्सालय पहुंचे। स्वजन के मुताबिक उनकी हालत को देखकर उन्हें भर्ती नहीं कर रहे थे। मरीज के भर्ती नहीं करने पर उसके स्वजन ने नगर विधायक को फोन कर दिया।

# भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला हुआ तो किसे आएगा सबसे ज्यादा मजा शोएब अख्तर ने दिया जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में पाकिस्तान टीम पिछले तीनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर चुकी है। रविवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच मुकाबला एडिलेड ओवल मैदान पर खेला गया। इस मुकाबले में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 127 रन का स्कोर पाकिस्तान के सामने खड़ा किया। पाकिस्तान टीम को जीत के लिए 128 रन का टारगेट मिला था, जिसे इस टीम ने 18.1 ओवर में 5 विकेट 128 रन बनाकर हासिल कर लिया और 5 विकेट से मैच जीत लिया। पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। शोएब अख्तर ने कहा, 'बहुत-बहुत मुबारकबाद हो पाकिस्तान। पाकिस्तान टीम ने मुझे गलत साबित कर दिया, टीम पहले राउंड में बाहर नहीं हुई। नीदरलैंड! आपकी बड़ी मेहरबानी।' शोएब ने कहा, 'आपने साउथ अफ्रीका को हरा दिया। इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम ने शानदार प्रदर्शन नहीं किया है। अब मसला यह रह गया है कि एक फिर भारत से पाकिस्तान का मुकाबला होगा यह नहीं। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान के आगे न्यूजीलैंड हमेशा फंसती है।' शोएब ने आगे कहा,'पिछले 2 मैचों में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किए हैं। अब उम्मीद करता हूं दोनों टीमें सेमीफाइनल में हार न जाए।' शोएब ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला हुआ, तो सबसे ज्यादा मजा ब्रॉडकास्टर और आइसीसी को आएगा। बता दें कि सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से और पाकिस्तान का मुकाबला न्यूजीलैंड से होने वाला है।




# भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल मैच अगर बारिश की वजह से नहीं हुआ तो कौन टीम फाइनल में बनाएगी जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर-4 यानी सेमीफाइनल में भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड व न्यूजीलैंड ने जगह बना ली है। अब हैं, लेकिन उस दिन मैच पूरा नहीं किया जा सका तो रिजर्व डे में उसके बाद का खेल होगा। इस बार सेमीफाइनल और फाइनल में मैच में डकवर्थ-लुईस नियम का इस्तेमाल



पहला सेमीफाइनल मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच 9 नवंबर को खेला जाएगा जबकि भारत का सामना 10 नंवबर को एडिलेड में इंग्लैंड के साथ होगा। इन मुकाबलों में जीत दर्ज करने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी जो 13 नवंबर को खेला जाएगा। इस बार सेमीफाइनल और फाइनल मैच के लिए रिजर्व डे रखा गया है और बारिश होने की स्थिति में तय दिन को खेल नहीं हो पाया तो उसे रिजर्व डे में खेला जाएगा। वहीं अगर खेल में बारिश हो गई और कुछ ओवर्स के खेल हो चुके तभी किया जाएगा जब दोनों टीमों ने कम से कम 10-10 ओवर खेले हों जबकि पहले ऐसा 5-5 ओवर के खेल के बाद किया जाता था। यही नहीं अगर ऐसा होता है कि बारिश की वजह से तय दिन और रिजर्व डे दोनों दिन खेल नहीं हो पाता है तो उस स्थिति में अपने ग्रुप में टाप पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित कर दिया जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच 10 नवंबर को एडिलेड में भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1.30 बजे से मैच खेला जाएगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ इस गेंदबाज को प्लेइंग 11 में किया जाए शामिल आकाश चोपड़ा ने दी सलाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया ने सुपर-12 स्टेज में अपने आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को 71 रन से हरा दिया है। टीम इंडिया का सेमीफाइनल में इंग्लैंड से कि इस पूरे टूर्नामेंट में रोहित का बल्ला ज्यादा नहीं बोला है। नीदरलैंड के खिलाफ रोहित ने 53 रन की पारी खेली थी। बाकी सभी मैचों में बतौर बल्लेबाज रोहित शर्मा फ्लॉप रहे हैं। साउथ अफ्रीका के जरूरी है।' आकाश ने आगे कहा कि पावरप्ले ओवरों में भारतीय टीम को ज्यादा आक्रामक रुख अपनाने की जरूरत है। इसके अलावा रोहित शर्मा का फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है।



मुकाबला तय हो गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए मुकाबले की बात करें तो इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 186 रन बनाए। इस मैच में केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, जिम्बाब्वे टीम 17.2 ओवर में केवल 115 रन बनाकर आउट हो गई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता है खिलाफ रोहित ने 13 गेंदों पर 15 रन बनाए। बांग्लादेश के खिलाफ रोहित ने 8 गेंदों पर सिर्फ 2 रन बनाए। पाकिस्तान के खिलाफ 7 गेंदों पर 4 रन बनाकर आउट हुए। सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर आकाश चोपड़ा ने एक ट्वीट की है। आकाश ने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया को प्लेइंग 11 में लेग स्पिनर युजवेन्द्र चहल को शामिल करना बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 22 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं, जिनमें से 12 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 10 में इंग्लैंड को जीत मिली है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम को सिर्फ 1 हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, आयरलैंड के खिलाफ हारने के बाद भी इंग्लैंड टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब हुई है।

# सूर्यकुमार से अपनी तुलना पर पहली बार एबी डिविलियर्स ने क्या कह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-12 के आखिरी मैच में जब लगा कि टीम इंडिया एक बड़ा स्कोर नहीं कर पाएगी तो किसी संकटमोचक के रूप में सामने आए सूर्यकुमार यादव और उन्होंने 25 गेंद पर 61 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम को 186 के बड़े टोटल तक पहुंचा दिया। नतीजा इस बड़े टोटल के दबाव में जिम्बाब्वे की टीम पूरी तरह से बिखर गई और केवल 17.2 ओवर में 115 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम इंडिया ने इस मैच को 71 रन से जीत लिया जो ऊ20घ् में एक बड़ी जीत कही जा सकती है। इस जीत के हीरो रहे सूर्यकुमार यादव जिन्होंने मैदान के चारो ओर शॉट्स मारे और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने एक कैंलेंडर ईयर में एक हजार रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली के अलावा सूर्यकुमार यादव का बल्ला लगातार रन बरसा रहा है। इस वर्ल्ड कप की बात करें तो उन्होंने 5 मैच में 75 की औसत और 193.97 की स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए हैं। इस वर्ल्ड कप में रन बनाने के मामले में वह विराट कोहली के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली 246 रन के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। मैच के बाद जब उनकी तुलना 360 डिग्री के नाम से मशहूर एबी डिविलियर्स से की गई तो उन्होंने कहा कि दुनिया में 360 डिग्री एक ही हैं और वह उनके जैसा बनने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि बाद में एबी डिविलियर्स ने भी सूर्या की बल्लेबाजी और खुद से उनकी तुलना पर अपनी प्रतिक्रिया दी। डिविलियर्स ने ट्वीट कर कहा कि आप तेजी से उस दिशा में बढ़ रहे हैं और मुझसे भी आगे निकलें। आज बहुत अच्छा खेला।



# राशिफल




**मेष-**:आपका रूखा व्यवहार आपके जीवनसाथी का मूड खराब कर सकता है. आपको समझना चाहिए कि अनादर और किसी को गंभीरता से न लेना रिश्ते में दरार डाल सकता है।

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। पैसों से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं। आप अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाने में सफल रहेंगे। किसी मित्र से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन-**:आज आप जितनी मेहनत करेंगे उतना ही आपको फायदा होगा. आज कोई नया गठबंधन, अनुबंध और समझौता हो सकता है। आप काम को बहुत गंभीरता और गंभीरता से पूरा करेंगे।

**कर्क-**:चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें। वहीं, सही तरीके से कमर सीधी करके बैठने से न सिर्फ पर्सनालिटी में निखार आता है, बल्कि सेहत और आत्मविश्वास का स्तर भी बढ़ता है।

**सिंह-**:आज आपका ध्यान रचनात्मक कार्यों की ओर रहेगा, ऑफिस के महत्वपूर्ण कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे. आज आपकी बातों का असर दूसरे लोगों पर भी पड़ेगा।

**कन्या-**:परिवार से आपको भरपूर सहयोग और स्नेह मिलेगा, काम में आ रही बाधाएं दूर होंगी. कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में लाभ के योग हैं।

**तुला-**: मानसिक स्पष्टता के लिए भ्रम और निराशा से बचने की कोशिश करें. आपकी अवास्तविक योजनाएं आपके पैसे को खत्म कर सकती हैं।

**वृश्चिक-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परेशान लोगों को मनाने का आज एक अच्छा मौका है। दोस्तों आज कहीं पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु-**:पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए आज का समय बहुत अच्छा है अगर आप मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी. आप में से कुछ लोग आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ अच्छा दिन बिताएंगे।

**मकर-**:ऐसे लोगों की तरह व्यवहार न करें जो अपने सपनों के लिए अपने घर और स्वास्थ्य का त्याग करते हैं और केवल अपनी महत्वाकांक्षाओं के पीछे भागते हैं।

**कुंभ-**: आज आपकी दिनचर्या में जरूरी बदलाव हो सकते हैं. कोई करीबी आपसे मिलने घर आ सकता है, मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मीन-**:आज के दिन रिश्तों में मधुरता बढ़ाने के लिए आप अचानक घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं. जो आपके लिए काफी रोमांटिक रहेगा। आज आप आर्थिक योजना बना पाएंगे।





# इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग इलेवन को लेकर राहुल द्रविड़ का बड़ा अपडेट, कमियों पर भी की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार 71 रन की जीत के बाद टीम इंडिया ने न केवल चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई बल्कि अपने ग्रुप में टॉप पर फिनिश किया। अब 10 नवंबर को टीम, इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड के मैदान पर भिड़ेगी। इससे पहले टीम इंडिया के हेड कोच ने टीम की तैयारियों और कमियों पर खिलाफ सुपर-12 के आखिरी मैच में टीम इंडिया ने अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के स्थान पर युवा रिषभ पंत को शामिल किया था लेकिन पंत केवल 3 रन बनाकर आउट हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ नॉक-आउट मुकाबले में एकबार फिर दिनेश कार्तिक को तरजीह दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि ठमैं अपने 15 खिलाड़ियों को लेकर पूरी तरह से स्वतंत्र हूं और हम मानते



खुलकर बात की। द्रविड़ ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ उस प्लेइंग इलेवन के साथ उतरेंगे जो वहां के कंडिशन के अनुसार फिट होगी। एडिलेड की परिस्थिति और इंग्लैंड के खिलाफ स्पिन गेंदबाजों के रिकॉर्ड को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस वर्ल्ड कप में पहली बार युजवेंद्र चहल को मौका मिल सकता है। अब तक खेले गए 5 मैच में उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला है लेकिन श्रीलंका के स्पिन गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी देखने के बाद चहल की जगह बनती है। जिम्बाब्वे के हैं कि जो कोई भी 15 में आता है, वह संभावित रूप से हमें कमजोर नहीं बनाएगा, जिस तरह की टीम हमने चुनी है द्रविड़ ने कहा कि ठहम वहां जाएंगे और वहां की पिच देखेंगे। हमने वहां कुछ मैच देखें हैं और हम जानते हैं कि विकेट धीमा है। हमें एक अलग पिच मिल सकता है लेकिन बावजूद इसके हम वहां जाएंगे और विकेट देखने के बाद फैसला करेंगे कि इस विकेट के साथ हम क्या कर सकते हैं द्रविड़ ने कहा कि अक्षर पटेल का फॉर्म थोड़ा चिंता का विषय है क्योंकि 4 मैच में उन्होंने केवल 3 विकेट हासिल किए हैं।

# रोहित शर्मा से मिलने मैदान पर पहुंचा उनका फैन, लगा साढ़े 6 लाख का जुर्माना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टीम इंडिया ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे को हराकर सुपर-12 मुकाबलों में सबसे ज्यादा अंक (8 अंक) हासिल करते हुए अपने ग्रुप में टाप पर रहते हुए इसका समापन तरफ खींचा। दरअसल रोहित शर्मा का एक फैन फील्ड में पहुंच गया और उन तक पहुंचने में कामयाब हो गया, लेकिन उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। रोहित शर्मा के पास पहुंचकर वो फैन भावुक हो गया, लेकिन




किया। भारतीय टीम अब सेमीफाइनल में है जहां उसका सामना 10 नवंबर को इंग्लैंड के साथ एडिलेड में होगा और उसमें जीत के साथ ही टीम इंडिया फाइनल में जगह बना लेगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम इंडिया की तरफ से केएल राहुल और सूर्युकमार यादव ने काफी अच्छी पारी खेली जिससे भारतीय टीम को 71 रन से जीत मिली। वैसे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास इस मैच में अपने हाथ खोलने का शानदार मौका था, लेकिन वो इसे नहीं भुना पाए और 13 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं इस मैच की दूसरी पारी में जब टीम इंडिया फील्डिंग कर रही थी तब एक ऐसी घटना घटी जिसने सबका ध्यान अपनी सिक्योरिटी गार्ड ने उसे पकड़ लिया और मैदान से बाहर कर दिया। सिर्फ यही नहीं मैदान में पहुंचकर सुरक्षा घेरा तोड़ने और खेल में बाधा डालने के प्रयास के लिए उस फैन पर साढ़े 6 लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया। आपको बता दें कि ऐसी घटना पहली बार नहीं घटी है और ऐसा अक्सर देखा गया है कि क्रिकेट फैंस अपने फेवरेट खिलाड़ी से मिलने के लिए मैदान पर किसी ना किसी तरह से पहुंच जाते हैं हालांकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से ये कहीं से भी सही नहीं है। वैसे टी20 वर्ल्ड कप 2022 में ऐसी घटना भारतीय टीम के साथ पहली बार घटी जब कोई प्रशंसक सीधे खेल के दौरान मैदान पर पहुंच गया।

# 'भगवा रंग ने पाकिस्तान को पहुंचाया सेमीफाइनल में', वेंकटेश प्रसाद का ट्वीट हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 का 40वां मैच साउथ अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच एडिलेड ओवल मैदान पर खेला गया। इस मैच में मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाला है। वहीं, सेमीफाइनल में टीम इंडिया का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। पाकिस्तान की इस सफलता के बाद भारत के कई पूर्व क्रिकेटर्स ने अलग-बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार गेंदबाजी की है। पाकिस्तान के लिए कप्तान बाबर आजम व पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान के साथ होगा तो वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच इंग्लैंड और भारत के बीच होगा। आइसीसी (घ्ण्) शेड्यूल के



नीदरलैंड ने साउथ अफ्रीका को 13 रन से हरा दिया। वहीं, पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश को हराने के बाद प्वाइंट टेबल में पाकिस्तान टीम के 6 अंक हो गए और वो सेमीफाइनल में पहुंच गई। सेमीफाइनल में पाकिस्तान का अलग प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि भारत के पूर्व तेज गेंदवाज वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट करते हुए कहा 'तो भगवा ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचाने में मदद की।' दरअसल, नीदरलैंड की जर्सी का रंग भगवा है। ट्वीट में वेंकटेश प्रसाद इसी ओर इशारा किया है। मोहम्मद रिजवान ने 57 रन की साझेदारी पहले विकेट के लिए की तो वहीं बाबर आजम 25 रन बनाकर आउट हुए जबकि मोहम्मद रिजवान ने 32 रन पर अपना विकेट गंवा दिया। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफलता हासिल की। मुताबिक पहले सेमीफाइनल में ग्रुप 1 के पहले नंबर की टीम (न्यूजीलैंड) का सामना ग्रुप 2 के दूसरे नंबर की टीम (पाकिस्तान) के साथ जबकि दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप 2 के पहले नंबर की टीम (भारत) का सामना ग्रुप 1 के दूसरे नंबर की टीम (इंग्लैंड) के साथ होगा।

# सम्पादकीय

## समय की मांग है भारत-ताइवान मैत्री, चीन की चिंता छोड़ते हुए वन-चाइना पालिसी वाली नीति पर बदलना होगा रुख

हाल में ताइवान के उप-आर्थिक मंत्री चेन-चेर्न ची भारत दौरे पर आए। उनका यह दौरा भले ही उतनी चर्चा में न रहा हो, लेकिन इससे इसका महत्व कम नहीं हो जाता। उनके दौरे पर करीब 30 सहमति पत्रों यानी एमओयू पर हुए हस्ताक्षर इस दौरे के आर्थिक महत्व को बताने के लिए पर्याप्त हैं। पखवाड़ा भर पहले चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस में राष्ट्रपति शी चिनफिंग के ताइवान पर बेहद आक्रामक तेवरों के कुछ दिन बाद ही ताइवानी मंत्री का भारत दौरे पर आने से इसकी रणनीतिक महत्ता भी पता चलती है। वास्तव में इस प्रकार की परिस्थितियां आकार ले रही हैं, जिनमें भारत और ताइवान स्वाभाविक साझेदार और घनिष्ठ सहयोगियों के रूप में उभर रहे हैं। इस घनिष्ठता के केंद्र में चीनी कोण महत्वपूर्ण है। चीनी राष्ट्रपति ने कम्युनिस्ट कांग्रेस में ताइवान के एकीकरण को लेकर आक्रामक रुख अपनाने के संकेत दिए और उनके भाषण से लगा कि ताइवान को लेकर उनका धैर्य अब जवाब देता जा रहा है। ऐसी आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि यदि चीन ताइवान में अतिक्रमण करने में किसी प्रकार सफल हो जाता है तो उसका अगला निशाना भारत हो सकता है। यह पहलू भी भारत और ताइवान को नजदीक ला रहा है। चेन जिस कार्यक्रम में आए, वह उद्योग संगठन फिक्की और ताइवानी संस्था चाइनीज नेशनल फेडरेशन आफ इंडस्ट्री ने आयोजित किया था। इस कार्यक्रम से द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर बहुत सकारात्मक संकेत मिले और आभास हुआ कि दोनों देश अपनी-अपनी विशेषज्ञता से एक दूसरे को लाभान्वित करना चाहते हैं। भारत इस समय ताइवानी कंपनियों के निवेश के लिए पसंदीदा ठिकाना बनता जा रहा है। बीते दिनों ताइवानी दिग्गज कंपनी फाक्सकान ने वेदांत के साथ मिलकर गुजरात में देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की दिशा में कदम बढ़ाए। एक अन्य ताइवानी कंपनी पेगाट्रन ने भी एपल के उत्पाद बनाने से जुड़ी इकाई तमिलनाडु में शुरू की है। ताइवानी मंत्री ने कहा भी कि दोनों देशों को अपने मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए को जल्द अंतिम रूप देना चाहिए। एफटीए पर गत दिसंबर से वार्ता जारी है। भले ही अभी द्विपक्षीय व्यापार करीब आठ अरब डालर के दायरे में हो, लेकिन पिछले एक साल के दौरान उसमें आई 65 प्रतिशत की तेजी यह बताने के लिए काफी है कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध कितनी संभावनाओं से भरे हैं। चीन के कोप और बुरी नीयत को देखते हुए ताइवान के लिए आवश्यक हो चला है कि वह भारत जैसे देशों के साथ अपने संबंधों को नई ऊंचाई दे। ताइवान ने अपनी 'न्यू साउथबाउंड पालिसी' को नए तेवर दिए हैं। इसके अंतर्गत वह न केवल भारत, बल्कि आसियान, दक्षिण एशियाई और आस्ट्रेलिया जैसे चीनी आक्रामकता के लिहाज से संवेदनशील देशों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कुछ दिन पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे पर चिढ़े चीन ने जापान के सामुद्रिक क्षेत्र तक मिसाइलें दागकर अपनी खीझ उतारी थी। फिर कम्युनिस्ट कांग्रेस में राष्ट्रपति शी ने ताइवान के एकीकरण को लेकर अपनी व्यग्रता दिखाकर इरादे जाहिर कर दिए। ऐसे में अपनी पहचान को कायम रखने के लिए ताइवान को सतर्क रहना होगा। इसमें वैश्विक समुदाय की भी जिम्मेदारी है कि वह एकजुटता दिखाकर ताइवान की ढाल बने। चूंकि सेमीकंडक्टर-इलेक्ट्रानिक्स चिप्स निर्माण में ताइवान के दबदबे से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उसकी खासी अहमियत है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर भी दारोमदार बढ़ जाता है कि कि वह इस छोटे से देश के हितों की रक्षा में बड़ी भूमिका निभाए। हाल में वैश्विक समुदाय की ओर से ताइवान की पीठ पर हाथ रखने संबंधी कुछ सकारात्मक संकेत मिले हैं। जैसे बाइडन प्रशासन ने चीन को अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक्स चिप्स की आपूर्ति को लेकर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उससे ताइवान का कद मजबूत होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि चीन के पास ऐसी चिप्स निर्माण की क्षमताएं नहीं हैं। जब उसे ताइवान और अन्य अमेरिकी सहयोगी देशों से अत्याधुनिक चिप्स नहीं मिलेंगी तो उसकी विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ेगा। वैसे भी चीन शून्य कोविड नीति के कारण आपूर्ति में गतिरोध झेल रहा है। ऐसे में चीन के लिए यह अमेरिकी घोषणा दोहरा झटका देने वाली होगी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर आज लगेगा चंद्र ग्रहण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पंडित सुधांशु तिवारी**
**(आधत्मिक धर्म गुरू)**

आठ नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मनाई जाएगी। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इसलिए बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान और दान के लिए नदी तटों पर पहुंचते हैं। इसी दिन देव दीपावली भी मनाई जाती है, लेकिन इस साल कार्तिक पूर्णिमा पर 8 नवंबर को साल का दूसरा चंद्र ग्रहण लग रहा है वर्ष 2022 का दूसरा चंद्र ग्रहण 8 नवंबर 2022 मंगलवार को लगेगा यानि आज जो सांय 17:28 बजे से 19:26 बजे तक रहेगा। पूर्वोत्तर के राज्यो में ही पूर्ण चन्द्रग्रहण दिखाई देगा देश के शेष भागो में आंशिक चन्द्रग्रहण ही दिखाई देगा। मंगलवार, 8 नवम्बर 2022 कार्तिक पूर्णिमा के दिन चन्द्रग्रहण का सूतक प्रातः 8/28 से प्रारम्भ होना है। चन्द्रग्रहण सायं 5/28 से 6/18 बजे लगेगा। प्रातः 8/28 से ग्रहण की सूतक पर्व काल शाम को 7/18 बजे तक रहेगी इसलिये कार्तिक माह की कथाओं और यज्ञ अनुष्ठानों का समापन भोग सोमवार 8 नवम्बर 2022 को प्रातः 8/28 से पूर्व होगा। कार्तिक पूर्णिमा व्रत प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा को 7 नवम्बर को होगा, पूर्णिमा तिथि का प्रारम्भ 16/19 पर होगा। कार्तिक स्नान और चन्द्र ग्रहण के का तीर्थ दर्शन और स्नान ग्रहण काल में 8 नवम्बर को होगा। पंडित गणेश शर्मा स्वर्ण पदक ज्योतिषाचार के अनुसार इस ग्रहण का राशि अनुसार फल इस प्रकार होगा। मेषृआघात वृषृव्यय मिथुन ृलाभ कर्कृ सम्मान सिंहृप्रतिष्ठा कन्याृ हानि तुलाृकष्ट वृश्चिकृतनाव धनु धन लाभ मकरृसुख कुंभृअपव्यय मीनृअपयश ग्रहण के 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाता है। इससे किसी भी प्रकार के पूजन पाठ या धार्मिक कार्य पर रोक होती है। ऐसे में लोगों के बीच देव दीपावली मनाने पर संशय है। पंडित सुधांशु तिवारी आधत्मिक धर्म गुरू के अनुसार सूतक काल में किसी भी प्रकार के पूजा पाठ, देव दर्शन या स्पर्श पर रोक होती है, जिस कारण देव दीपावली इस बार 7 नवंबर को मनाई जाएगी। चन्द्र ग्रहण का समय चंद्रग्रहण शाम 5.32 बजे शुरू होगा, जो शाम 6.19 बजे खत्म हो जाएगा। सूतक काल सुबह 8.10 बजे शुरू होगा, जो शाम



6.19 बजे समाप्त होगा। सूतक काल शुरू होने के बाद मंदिरों में दर्शन पर रोक रहेगी। सूतक शुरू होते ही मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे। सूतक काल की समाप्ति के बाद मंदिरों के पट खोले जाएंगे और देव स्नान और सफाई के बाद पूजा-अर्चना होगी और श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिरों के पट खोल दिए जाएंगे। भारत के इस शहर में सबसे पहले दिखेगा चंद्र ग्रहण, जानें टाइमिंग और सूतक काल के नियम 08 नवंबर को लगने वाला साल का अंतिम चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा. भारत में ये चंद्र ग्रहण सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में सबसे पहले दिखाई देगा. भारत में पूर्व दिशा के शहरों में ये चंद्र ग्रहण चंद्रोदय के साथ ही दिखने लगेगा. चूंकि ये चंद्र ग्रहण भारत में दृश्यमान होगा, इसलिए यहां सूतक काल के नियम भी लागू होंगे. सूर्य ग्रहण के बाद अब 08 नवंबर को चंद्र ग्रहण लगने वाला है. ये साल का अंतिम चंद्र ग्रहण है, जो भारत में भी दिखाई देगा. भारत में ये चंद्र ग्रहण सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में दिखाई देगा. भारत में पूर्व दिशा के शहरों में ये चंद्र ग्रहण चंद्रोदय के साथ ही दिखने लगेगा. चूंकि ये चंद्र ग्रहण भारत में दृश्यमान होगा, इसलिए यहां सूतक काल के नियम भी लागू होंगे. चंद्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है कितना महत्वपूर्ण होगा चंद्र ग्रहण यह साल का अंतिम चंद्र व पूर्ण चंद्रग्रहण है. चंद्र ग्रहण मेष राशि और भरणी नक्षत्र में लग रहा है. वैसे तो ये ग्रहण दोपहर को 01 बजकर 32 मिनट से लगेगा, लेकिन भारत में ये चंद्र ग्रहण शाम 5.20 पर दिखना शुरू होगा और इसका समापन शाम 6.20 पर होगा. इसका सूतक 08 नवम्बर को सुबह 09 बजकर 21 मिनट पर लग जाएगा. कहां-कहां दिखेगा पूर्ण चंद्र ग्रह ये चंद्र ग्रहण ग्रहण उत्तरी पूर्वी यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और हिन्द महासागर में दर्शनीय होगा. भारत में पूर्ण ग्रहण केवल पूर्वी भागों में दिखाई देगा, **जबकि आंशिक ग्रहण भारत के अधिकांश हिस्सों में दृश्यमान होगा. कोलकाता, पटना, सिलीगुड़ी, ईटानगर, रांची और गुवाहाटी में पूर्ण चन्द्रग्रहण के दर्शन होंगे. ग्रहण काल के दौरान सावधानियां चंद्र दर्शन के हिसाब से शाम 05 बजकर 20 मिनट से शाम 06 बजकर 20 मिनट तक वास्तविक ग्रहण काल है. इस काल में प्रयास करें कि आप कोई आहार ग्रहण न करें. इस दौरान पूजा पाठ वर्जित है. गर्भवती महिलाएं विशेष रूप से सावधानी बरतें. भगवान की मूर्तियों की स्पर्श न करें. ग्रहण काल के समाप्त हो जाने के बाद सम्भव हो तो स्नान कर लें या हाथ पैर धोकर कुछ न कुछ चन्द्रमा की वस्तुओं का दान करें. चावल, चीनी, दूध, नारियल और चांदी का दान शुभ होगा भारत के प्रमुख नगरों में चन्द्रोदय का समय जो कि ग्रहण का समय भी माना जाएगा जो निम्नलिखित है प्रयागराज सायं - 05:14 मि. काशी सायं - 05:10 मि. भोपाल सायं - 05:36 मि. बैंगलोर सायं - 05:50 मि. चेन्नई सायं - 05:39 मि. कोलकाता सायं - 04:52 मि. (मोक्ष दिखाई देगा ) दिल्ली सायं - 05:29 मि. मुंबई सायं - 06:01 मि. देहरादून सायं - 05:22 मि. हरिद्वार सायं - 05:21 मि. हैदराबाद सायं - 05:44 मि. जम्मू-कश्मीर सायं - 05:31 मि. लखनऊ सायं - 05:16 मि. नासिक सायं - 05:56 मि. पटना सायं - 05:01 मि. (मोक्ष दिखेगा ) गया सायं - 05:03 मि. (मोक्ष दिखेगा ) पुणे सायं - 05:58 मि. उड़ीसा सायं - 05:07 मि. (मोक्ष दिखेगा) रायपुर सायं - 05:22 मि. रांची सायं - 05:03 मि. (मोक्ष दिखेगा ) उज्जैन सायं - 05:43 मि. बड़ोदरा सायं - 05:54 मि. अहमदाबाद सायं - 05:56 मि. भावनगर सायं - 05:59 मि. सायं काल - 05:10 मि. से लेकर इसके बाद के चन्द्रोदय वाले स्थानों में ग्रहण का मोक्ष सायं - 06:19 मि. पर ही होगा जबकि जहां का चन्द्रोदय सायं - 05:10 मि. से पहले का है वहां ग्रहण का मोक्ष क्रमशः और पहले हो जाएगा चंद्रग्रहण के बाद क्या करें** चंद्रग्रहण के बाद पूजा स्थान की साफ-सफाई करें. पूजा स्थान पर गंगाजल का छिड़काव करें. स्नान करके साफ वस्त्र धारण करें. इसके बाद अपने गुरु या शिव जी की उपासना करें. फिर किसी निर्धन व्यक्ति को सफ़ेद वस्तु का दान करें. चंद्र ग्रहण के परिणाम शुभ ना हों तो यदि चंद्र ग्रहण में अशुभ परिणाम मिल रहे हैं तो ग्रहण काल में अधिक से अधिक शिव मंत्र का जाप करें. चाहें तो चन्द्रमा के मंत्र का जाप भी कर सकते हैं. इससे मंत्र सिद्ध होगा और ज्यादा प्रभावशाली भी. ग्रहण के बाद सफेद वस्तु का दान करें. अविवाहित लोगों के रिश्ते आएंगे. चंद्र ग्रहण के बाद आप पशु-पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें. चंद्र ग्रहण पर करें ये उपाय चंद्र ग्रहण के दौरान इन उपायों को करने से किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होगा. सभी राशियों के जातक को प्राप्त होगी सुख समृद्धि और उनके जीवन से मानसिक तनाव दूर होगा. जानते हैं उपाय- 1- सूतक काल में घर के अंदर दरवाजे और खिड़की पर पर्दे लगाकर ढ़क दें. 2- ग्रहण के दौरान अनावश्यक बोलने से बचे.भगवान का ध्यान, जाप और अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप करें, ताकि काफी हद तक इसके प्रभाव को शांत किया जा सके. 3- चंद्र मंत्र, भोलेनाथ शिव एवं गायत्री मंत्र के जाप करना सर्वश्रेष्ठ रहेगा.लेकिन देव प्रतिमा, मूर्तियों को स्पर्श ना करें. 4- सूतक काल से पहले बना खाना हो तो उसमें तुलसी के पत्ते डालकर रख दें. 5- गर्भवती महिलाएं घर से नहीं निकले.वहीं सुई, कैंची वस्तुओं का उपयोग भी ना करें. 6- ग्रहण खत्म होने के पश्चात स्नानादि करके नए वस्त्र धारण करें.अपने पितृों को याद करें, दान करें, गरीबों को श्रद्धानुसार भोजन करवाएं. 7- सूतक काल समाप्त होने के बाद मंदिर की साफ सफाई करें.गंगाजल को पूरे घर और मंदिर में छिटके और पूजा करें।

## देश को चाहिए अल्पसंख्यकवाद से मुक्ति, गरीबी और अमीरी के आधार पर ही वर्ग समूहों पर हो विचार

गरीबी और संपन्नता पंथिक या मजहबी नहीं होतीं, लेकिन भारत में मजहब आधारित अल्पसंख्यक अवश्य हैं। संप्रति सर्वोच्च न्यायपीठ में एक संस्था ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को असंवैधानिक घोषित करने की याचिका दी है। याचिका स्वीकार कर ली गई है। वहीं भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की एक याचिका में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान अधिनियम, 2004 की धारा 2एफ पर भी विचार चल रहा है। राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान की मांग हुई है। इसके पहले भी एक याचिका में राष्ट्रीय



अल्पसंख्यक की परिभाषा की मांग की गई है। भारतीय संविधान में 'अल्पसंख्यक' की परिभाषा नहीं है। सिर्फ अनुच्छेद 29 एवं 30 का शीर्षक, 'अल्पसंख्यक वर्गों के हित संरक्षण एवं शिक्षा संस्थानों के संचालन' है। मजहबी अल्पसंख्यकों की संख्या भारी होने के बावजूद अल्पसंख्यकों को विशेष सुविधाएं हैं। न्यायालय ने उक्त मामले में केंद्र को नोटिस भेजा था। केंद्र ने कहा है कि इस संवेदनशील मामले के दूरगामी परिणाम होंगे। 14 राज्यों ने अपना अभिमत दे दिया है। सबकी राय के लिए कुछ और समय देने की मांग की गई है। मजहबी आधार पर अल्पसंख्यक होने का आखिर औचित्य क्या है किसी समूह को अल्पसंख्यक घोषित करने की अर्हता क्या है यहां सभी नागरिकों को समान मौलिक अधिकार हैं।

## माहौल बदलने वाली योजनाएं, विभिन्न समुदायों में जुड़ाव की भी बन रहीं वजह

यह अच्छा है कि चुनाव वाले राज्यों-गुजरात और हिमाचल प्रदेश में किसी दल की ओर से यह सुनने को नहीं मिल रहा है कि वह सेक्युलरिज्म की लड़ाई लड़ेगा। यह एक बड़ा बदलाव है कि अब चुनावों के दौरान सेक्युलरिज्म की बात नहीं होती। यह होनी भी नहीं चाहिए, क्योंकि संविधान में सेक्युलर शब्द का हिंदी समानार्थी पंथनिरपेक्षता स्वीकार किया गया है, न कि धर्मनिरपेक्षता। नेताओं के भाषणों में धर्मनिरपेक्षता का ही प्रयोग अधिक होता है, जो न तो उसका अर्थ है और न ही आशय। आस्था की हरसंभव विविधता भारत में स्वीकार्य थी। ज्ञान, बुद्धि और विवेक के क्षेत्र में भारत के सर्वोच्च स्थान का मुख्य कारण यही था। यही व्यावहारिक पंथनिरपेक्षता की धुरी बनी। स्वतंत्रता के बाद इसे शांति और सद्भावना की धुरी बने रहना था, लेकिन क्षुद्र राजनीतिक 51ए के आने के बाद कार्यसंस्कृति और कर्तव्य-बोध में बढ़ोतरी हुई है? क्या प्रस्तावना में सेक्युलर शब्द जोड़ने से सामाजिक सद्भाव और पंथिक समरसता बढ़ी है? इन दोनों का तर्कसंगत उत्तर तो यही है कि आस्था की हर विविधता को प्राचीन काल से स्वीकार करने की परंपरा से जो सर्वधर्म समभाव हमारे व्यवहार में आया था, वह केवल 'वोट की चाह' की मानसिकता के कारण लगातार शिथिल हुआ है। दोनों बड़े समुदायों में अविश्वास बढ़ाने में कुछ नेताओं ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। संविधान में सेक्युलर शब्द जब जोड़ा गया, तब देश में आपातकाल था। विपक्ष के लगभग सारे महत्वपूर्ण नेता जेल में बंद थे। कम से कम आधी विधानसभाओं द्वारा हर संविधान संशोधन का समर्थन आवश्यक होता है, लेकिन उस समय राज्यों की विधायिका के सारे अधिकार संसद आश्रित राजनीतिक दल सफल रहे, लेकिन पिछले कुछ समय से परिस्थितियां ही नहीं, बल्कि मुस्लिम समुदाय का सोच भी बदलना प्रारंभ हुआ। अपने को ठगा महसूस करने लगा मुस्लिम समुदाय विकल्प खोजने लगा। इस चाह में वह क्षेत्रीय दलों की ओर मुड़ा, जिन्हें इस बदलाव से सत्ता मिली। अफसोस कि मुस्लिम समुदाय को उनसे भी निराशा मिली। यह समुदाय हर बार ठगा गया। इसका सबसे सशक्त उदाहरण थी सच्चर कमेटी रिपोर्ट। रही-सही कसर उस वक्तव्य ने पूरी कर दी जिसमें कहा गया था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। हालांकि पिछले आठ-दस वर्षों में एक अच्छी चीज यह हुई है कि देश ने वोट बैंक की राजनीति के लालच में देशहित को भुलाकर मुस्लिम समुदाय को हिंदू समुदाय से दूर करने वाली सभी




स्वार्थवश इसका स्वरूप विकृत किया गया। अपेक्षा तो यह थी कि स्वतंत्र भारत पंथिक समरसता और सामाजिक भाईचारे का आदर्श बनेगा और पश्चिम के देश प्रवासी लोगों के साथ 'मिलकर रहना सीखने' के लिए भारत का अनुसरण करेंगे। संविधान की मूल प्रति में सेक्युलर शब्द है ही नहीं। सवाल है कि संविधान सभा ने सेक्युलर शब्द का प्रयोग क्यों नहीं किया क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर शब्द और अनुच्छेद 51ए में मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया। कालांतर में जनता पार्टी की सरकार ने इन परिवर्तनों के पीछे की राजनीति को समझते हुए भी इन्हें निरस्त करने की आवश्यकता नहीं समझी। सामान्य लोगों को भी लगा कि संभव है कि इससे लोगों का ध्यान पंथिक समरसता बढ़ने तथा अपने कर्तव्य निभाने की ओर जाए और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होने में सहायता मिले। इस समय यह विश्लेषित करने की महती आवश्यकता है कि क्या अनुच्छेद में आ चुके थे। संघीय ढांचे का कोई महत्व नहीं रह गया था। यानी यह सब वह सरकार कर रही थी, जिसने जीने के अधिकार तक को निरस्त कर दिया था। यह संविधान संशोधन स्वयं संविधान और उसकी मूल आत्मा के साथ खिलवाड़ का ऐसा उदाहरण है, जिसके प्रभाव से सारी व्यवस्था में ऐसी अनेक विकृतियां पनपीं, जिनके घातक परिणाम आज भी देश के सामने आते रहते हैं। उस समय के शासकों ने संविधान में सेक्युलर शब्द को जोड़कर अल्पसंख्यकों को झूठे सपने दिखाए। इसके लिए मुस्लिम समुदाय के अंदर बहुसंख्यक समाज के प्रति नियोजित ढंग से अविश्वास और अलगाव बढ़ाने का हरसंभव प्रयास भी किया गया। सेक्युलरिज्म के झंडाबरदार बनकर मुस्लिम समुदाय को एक ऐसे वर्ग में परिवर्तित कर दिया गया, जिसे 'हिंदू समाज से सशंकित रहना था और अपनी गरीबी और अशिक्षा से छुटकारा पाने और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए एकमुश्त होकर मतदान करना था।' कई दशकों तक इस विभाजन पर शक्तियों और स्वार्थी तत्वों को पूरी तरह पहचान लिया है। इससे देश में कुछ स्वघोषित उदारवादी, वामपंथी, अवार्ड-वापसी गैंग और सेक्युलरिस्ट जैसी पहचान वाले लोग अत्यंत चिंतित हैं। वे घोर नकारात्मकता के अंधकार में जी रहे हैं। उन्हें सकारात्मकता का प्रकाश दिखाई देना बंद हो गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ नकदी के रूप में सीधे खाते में आना, रसोई गैस, आवास, पीने के पानी और आयुष्मान कार्ड जैसी अनेक योजनाओं ने पिछले छह-सात वर्षों में देश के लोगों को जोड़ा है। सकारात्मक एवं समेकित परिवर्तन और सार्थक प्रगति अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंची है। इससे राजनीतिक माहौल बदला है और लोगों ने पूर्ण पंथनिरपेक्षता का अनुभव किया है। अब मुस्लिम समुदाय को बरगलाना अत्यंत कठिन है। संभव है कि आने वाले समय में सामाजिक समुदाय और पंथिक एकता का वट वृक्ष लहलहाने लगे।

## समय की मांग है भारत-ताइवान मैत्री, चीन की चिंता छोड़ते हुए वन-चाइना पालिसी वाली नीति पर बदलना होगा रुख

हाल में ताइवान के उप-आर्थिक मंत्री चेन-चेर्न ची भारत दौरे पर आए। उनका यह दौरा भले ही उतनी चर्चा में न रहा हो, लेकिन इससे इसका महत्व कम नहीं हो जाता। उनके दौरे पर करीब 30 सहमति पत्रों यानी एमओयू पर हुए हस्ताक्षर इस दौरे के आर्थिक महत्व को बताने के लिए पर्याप्त हैं। पखवाड़ा भर पहले चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस में राष्ट्रपति शी चिनफिंग के ताइवान पर बेहद आक्रामक तेवरों के कुछ दिन बाद ही ताइवानी मंत्री का भारत दौरे पर आने से इसकी रणनीतिक महत्ता भी पता चलती है। वास्तव में इस प्रकार की परिस्थितियां आकार ले रही हैं, जिनमें भारत और ताइवान स्वाभाविक साझेदार और घनिष्ठ सहयोगियों के रूप में उभर रहे हैं। इस घनिष्ठता के केंद्र में चीनी कोण महत्वपूर्ण है। चीनी राष्ट्रपति ने कम्युनिस्ट कांग्रेस में ताइवान के एकीकरण को लेकर आक्रामक रुख अपनाने के संकेत दिए और उनके भाषण से लगा कि ताइवान को लेकर उनका धैर्य अब जवाब देता जा रहा है। ऐसी आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि यदि चीन ताइवान में अतिक्रमण करने में किसी प्रकार सफल हो जाता है तो उसका अगला निशाना भारत हो सकता है। यह पहलू भी भारत और ताइवान को नजदीक ला रहा है। चेन जिस कार्यक्रम में आए, वह उद्योग संगठन फिक्की और ताइवानी संस्था चाइनीज नेशनल फेडरेशन आफ इंडस्ट्री ने आयोजित किया था। इस कार्यक्रम से द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर बहुत सकारात्मक संकेत मिले और आभास हुआ कि दोनों देश अपनी-अपनी विशेषज्ञता से एक दूसरे को लाभान्वित करना चाहते हैं। भारत इस समय ताइवानी कंपनियों के निवेश के लिए पसंदीदा ठिकाना बनता जा रहा है। बीते दिनों ताइवानी दिग्गज कंपनी फाक्सकान ने वेदांत के साथ मिलकर गुजरात में देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र



लगाने की दिशा में कदम बढ़ाए। एक अन्य ताइवानी कंपनी पेगाट्रन ने भी एपल के उत्पाद बनाने से जुड़ी इकाई तमिलनाडु में शुरू की है। ताइवानी मंत्री ने कहा भी कि दोनों देशों को अपने मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए को जल्द अंतिम रूप देना चाहिए। एफटीए पर गत दिसंबर से वार्ता जारी है। भले ही अभी द्विपक्षीय व्यापार करीब आठ अरब डालर के दायरे में हो, लेकिन पिछले एक साल के दौरान उसमें आई 65 प्रतिशत की तेजी यह बताने के लिए काफी है कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध कितनी संभावनाओं से भरे हैं। चीन के कोप और बुरी नीयत को देखते हुए ताइवान के लिए आवश्यक हो चला है कि वह भारत जैसे देशों के साथ अपने संबंधों को नई ऊंचाई दे। ताइवान ने अपनी 'न्यू साउथबाउंड पालिसी' को नए तेवर दिए हैं। इसके अंतर्गत वह न केवल भारत, बल्कि आसियान, दक्षिण एशियाई और आस्ट्रेलिया जैसे चीनी आक्रामकता के लिहाज से संवेदनशील देशों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कुछ दिन पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे पर चिढ़े चीन ने जापान के सामुद्रिक क्षेत्र तक मिसाइलें दागकर अपनी खीझ उतारी थी। फिर कम्युनिस्ट कांग्रेस में राष्ट्रपति शी ने ताइवान के एकीकरण को लेकर अपनी व्यग्रता दिखाकर इरादे जाहिर कर दिए। ऐसे में अपनी पहचान को कायम रखने के लिए ताइवान को सतर्क रहना होगा। इसमें वैश्विक समुदाय की भी जिम्मेदारी है कि वह एकजुटता दिखाकर ताइवान की ढाल बने। चूंकि सेमीकंडक्टर-इलेक्ट्रानिक्स चिप्स निर्माण में ताइवान के दबदबे से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उसकी खासी अहमियत है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर भी दारोमदार बढ़ जाता है कि कि वह इस छोटे से देश के हितों की रक्षा में बड़ी भूमिका निभाए। हाल में वैश्विक समुदाय की ओर से ताइवान की पीठ पर हाथ रखने संबंधी कुछ सकारात्मक संकेत मिले हैं। जैसे बाइडन प्रशासन ने चीन को अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक्स चिप्स की आपूर्ति को लेकर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उससे ताइवान का कद मजबूत होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि चीन के पास ऐसी चिप्स निर्माण की क्षमताएं नहीं हैं। जब उसे ताइवान और अन्य अमेरिकी सहयोगी देशों से अत्याधुनिक चिप्स नहीं मिलेंगी तो उसकी विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ेगा। वैसे भी चीन शून्य कोविड नीति के कारण आपूर्ति में गतिरोध झेल रहा है। ऐसे में चीन के लिए यह अमेरिकी घोषणा दोहरा झटका देने वाली होगी। एक समय कहा जाता था कि चीन दुनिया की हार्डवेयर शक्ति है और भारत साफ्टवेयर शक्ति। ऐसे में यदि दोनों देश साथ आ जाएं तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर क्रांतिकारी छाप छोड़ सकते हैं। चूंकि चीन के साथ भारत के संबंध पारंपरिक रूप से असहज रहे हैं, जो कुछ समय से और तल्ख हो गए हैं, ऐसे में उस संकल्पना का साकार होना संभव नहीं। वैसे भी अब ताइवान नई हार्डवेयर महाशक्ति बन रहा है तो भारत के साथ उसकी हार्डवेयर-साफ्टवेयर वाली जुगलबंदी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाने के साथ ही विश्वसनीय भी बनाएगी। चेन के दौरे पर जिन एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें अधिकांश चिप निर्माण और हरित ऊर्जा से जुड़ी उन तकनीकों से ही संबंधित हैं, जिनमें ताइवान को महारत हासिल है। वहीं भारत को इन तकनीकों की सख्त जरूरत है। भारत में इस्तेमाल होने वाले करीब 75 प्रतिशत हैंडसेट में ताइवानी चिप्स लगी होती हैं। ऐसे में यदि देश में ही उनके निर्माण की संभावनाएं बनती हैं तो यह भारत के लिए भी लाभकारी होगा। ताइवान के साथ नजदीकी भारत के लिए हर तरह से फायदेमंद होगी, पर उसके लिए भारत को भी कुछ सक्रियता दिखानी होगी। नीतिगत परिवर्तन करने होंगे ताकि उसके प्रति ताइवान का भरोसा और मजबूत हो। इसीलिए मांग उठने लगी है कि भारत ताइवान के साथ रिश्तों को लेकर चीन की चिंता छोड़ते हुए वन-चाइना पालिसी वाली नीति पर अपना रुख बदले।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश सचिव क्वात्रा ने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस से की मुलाकात

**न्यूयार्क ।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की और गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। इसकी जानकारी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के हवाले से दी गई। गंभीर मुद्दों पर हुई चर्चा संयुक्त राष्ट्र में भारत के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने ट्वीट किया, विदेश सचिव महासचिवे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने गंभीर चिंता के मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अपनी ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने वैश्विक समुदाय से सामूहिक रूप से उन लोगों को बाहर निकालने का आग्रह किया जो अमेरिकी प्रतिबंध शासन सहित आतंकवादियों का बचाव करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर थे जहां उन्होंने बहुपक्षवाद में वैश्विक चिंताओं और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। हमें भारत पर करना चाहिए भरोसा- गुटेरेस इस अवसर पर बोलते हुए, गुटेरेस ने कहा, हमें भारत पर भरोसा करना चाहिए क्योंकि यह अपने इतिहास, संस्कृति और इसके संस्करण में पूरी तरह से स्थिरता के एक नए युग की शुरुआत करने में मदद करने के लिए 20 समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है।संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने भारत को आगामी 20 समूह की अध्यक्षता करने के लिए बधाई दी और कहा कि 20 देशों का वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 80 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत का भी प्रतिनिधित्व करता है।

## रेणुकाजी विधानसभा मे प्रचार प्रसार जोरो पर है- सत्येन्द्र शर्मा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सदस्य एव हिमाचल प्रदेश की रेणुकाजी विधानसभा के सहपर्यवेक्षक सतेन्द्र शर्मा ने रेणुकाजी विधानसभा से काँग्रेस



पार्टी के प्रत्याशी विनय कुमार के साथ जनसम्पर्क कर 12 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए स्थानीय लोगो से हाथ के सामने वाला बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की,सहपर्यवेक्षक सतेन्द्र शर्मा ने लोगो से कहा है कि दस वादे जो काँग्रेस ने किए है सरकार बनते पूरे होंगे काँग्रेस पार्टी जो कहती है करके दिखती है भाजपा ने सिर्फ जनता से झूठे वादे करके सत्ता काबिज करने का काम किया है,श्री विनय कुमार जी आपके अपने बीच के प्रत्याशी है हर समय जनता के लिए समर्पित रहते है आप सभी का भारी समर्थन इनको पुन जीताकर विधानसभा भेजेगा,हिमाचल प्रदेश में जनता परिवर्तन चाहती है भाजपा के राज में जनता परेशान है महँगाई लागतार बढ़ती जा रही है।

## पाकिस्तान में बुलेट प्रूफ कारों में चलेंगे सभी चीनी CPEC कर्मचारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सीपीईसी परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों को आतंकवादी



हमलों से बचाने के लिए पाकिस्तान और चीन बुलेट प्रूफ वाहनों का इस्तेमाल करने पर सहमत हो गए हैं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा अरब सागर पर पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को उत्तर-पश्चिम चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में काशगर से जोड़ता है। बता दें कि 60 अरब डॉलर का सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है, जो राष्ट्रपति शी चिनफिंग की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। बता दें कि पाकिस्तान में चीनी कर्मचारियों की सुरक्षा उसकी विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक बड़ी बाधा बन रही थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार समाचार एजेंसी पीटीआई ने कहा कि सीपीईसी की 11वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) के मसौदे के अनुसार, दोनों पक्ष कानून-प्रवर्तन एजेंसियों और जांचकर्ताओं की क्षमताओं को मजबूत करने पर भी सहमत हुए हैं।

## पाकिस्तान के सिंध प्रांत में डकैतों ने पुलिस कैंप पर किया हमला, पांच की मौत

**सिंध।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के घटकी शहर में डकैतों द्वारा किए गए हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज ने यह जानकारी दी है। न्यूज चैनल के मुताबिक



यह घटना उत्तरी सिंध के घोटकी शहर में हुई है। हमले में मारे गए पांच पुलिस अधिकारियों में एक पुलिस उपाधीक्षक और दो थाना प्रभारी शामिल हैं। पुलिस उप माहनिरीक्षक जावेद जिस्कानी ने बताया कि बंधकों को छुड़ाने के लिए कचा इलाके में पुलिस ने कैंप लगाया था, जिसपर डकैतों ने हमला कर दिया। जियो न्यूज ने पुलिस उप माहनिरीक्षक के हवाले से बताया कि कैंप में मौजूद पुलिस कर्मियों पर 150 से अधिक डकैतों ने एक साथ हमला कर दिया, जिसमें पांच अधिकारी की मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर अन्य पुलिस बल को भेजा गया है। पुलिस ने न्यूज चैनल को बताया कि मारे गए अधिकारियों की शव अभी भी शिविर पर हलमा करने वाले लुटेरों के कब्जे में ही ह पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने डकैतों के द्वारा पुलिस पर किए गए इस हमले की निंदा की है। उन्होंने पुलिस कर्मियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## दुबई में नोएडा विधायक ने किया मोदी 2.0 बुक का लॉँच

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** विधायक श्री पंकज सिंह ने मोदी 2.0 बुक का दुबई चैप्टर का अनावरण किया। इस बुक लॉच



में उनके साथ श्री राजीव चंद्रशेखर मिनिस्टर ऑफ़ स्टेट भी रहे। इस कार्यक्रम को फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री पंकज सिंह ने कहा हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गये टैक्स रिफॉर्म्स, स्ट्रक्चर्ड रिफॉर्म्स द्वारा आज भारत विश्व की 5प् लार्जेस्ट इकॉनमी हो गया है। जहां बहुत सी एजेंसी मानती थी कि हमारा देश बहुत पिछड़ा हुआ था और डेवलपिंग से भी नीचे वाली श्रेणी में मानते थे आज उन्हीं एजेंसियों ने मोदी जी को वर्ल्ड का सबसे बड़ा लीडर और देश को सबसे तेज आगे बढ़ने वाले देशों में रखा है। कार्यक्रम में चेयरमैन एमबीएम ग्रुप, डॉ अमन पूरी डॉ एसपी सिंह ओबरॉय और एन आई डी के फ़ाउंडर्स भी रहे। इसके साथ ही नोएडा विधायक दुबई में दिवाली मिलन समारोह में भी शामिल हुए जिसको आईपीएफ़, इण्डियन पीपल फ़ॉर्म, उत्तर प्रदेश कौंसिल द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी को धन्यवाद दिया जिनके द्वारा आज भारत में अयोध्या में पूरे धूम धाम से दीपावली का त्योहार मनाया जा रहा है साथ ही गिनीज़ बुक रिकॉर्ड में सबसे ज़ायदा दीपक भी जलाने का रिकॉर्ड बनाया । कार्यक्रम को आईपीएफ़ के अध्यक्ष जितेंद्र वैद्य, राजीव रंजन सिंग, राम गौतम आदि लोगो द्वारा आयोजित किया गया।

## सीएम योगी ने कसी कमर तो गार्डेनिया ग्लोरी के निवासियों ने भी बढ़ाए कदम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा ऑथोरिटी




के अधिकारियों को रजिस्ट्री के मामले तेज़ी के साथ निपटाने के निर्देश दिये तो नोएडा की गार्डनिया एम्स ग्लोरी सेक्टर-46 के निवासियों ने भी रजिस्ट्री मार्च की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार 6 नवंबर को गार्डनिया एम्स ग्लोरी के निवासी रजिस्ट्री करवाने की मांग को लेकर एक विशाल मार्च किया । इस मार्च में सैकड़ों निवासी हाथों में तख्तियां और बेनर लेकर नोएडा ऑथोरिटी से उनके फ्लैटों की जल्द से जल्द रजिस्ट्री शुरु करवाने की मांग की।इस मार्च की शुरुआत रविवार को सुबह 11 बजे गार्डनिया ग्लोरी के क्लब हाउस से ए, बी, सी ब्लॉक और मार्केट से वापस क्लब पर आकर समाप्त हुई। गार्डनिया एम्स ग्लोरी एसिसोसिशन के तत्वावधान में होने वाले इस मार्च को लेकर निवासियों में काफी उत्साह दिखी और उ?का कहना है कि बायर्स पूरा पैसा दे चुके हैं अब नोएडा अथॉरिटी बिल्डर से पैसे वसूले या छूट दे हमको कोई लेना देना नहीं है हमको हमारे फ्लैट की रजिस्ट्री चाहिये। गार्डनिया ग्लोरी सोसाईटी में करीब 1500 फ्लैट हैं, कुछ टावरों का ओसी आने के बावजूद अभी तक रजिस्ट्रेशन केवल इसलिये नहीं हो पाया है क्योंकि बिल्डर ऑथोरिटी के बकाए का भुगतान नहीं कर रहा है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसे लेकर पहले भी कई बार ध?ना प्रदर्शन कर चुके हैं। नोएडा ऑथोरिटी भी कई बार बिल्डर को नोटिस दे चुकी है। इस सोसाइटी के लिए लोगों ने साल 2009 में फ्लैट बुक करवाए थे, 13 साल बाद भी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है।

## महाराष्ट्र में करेगी प्रवेश कीया कांग्रेस कमेटी ने बड़े स्तर पर किया इंतजाम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नांदेड़ (महाराष्ट्र)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी की भारत जोड़ो



यात्रा के 61वें दिन की शुरूआत तेलंगाना के कामारेड्डी से की। दक्षिणी राज्यों में पैदल मार्च पूरा होने के बाद, पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी यात्रा पहले ही केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों को कवर कर चुकी है। अब राहुल गांधी सोमवार शाम महाराष्ट्र में नांदेड़ जिले के देगलूर के मदनूर नाका में प्रवेश करेंगे।महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी ने व्यापक इंतजाम किए हैं। वे महाराष्ट्र में भी बड़े पैमाने पर सफलता पाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेता रात करीब 10 बजे मशाल के साथ मार्च की शुरुआत करेंगे राज्य में अपनी 14 दिनों की यात्रा के दौरान, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष 15 विधानसभा और छह संसदीय क्षेत्रों के माध्यम से 381 किमी चलेंगे। बड़े पैमाने पर पहुंच के लिए, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार 8 नवंबर को यात्रा में शामिल होंगे। पवार केवल एक मील से भी कम चल पाएंगे क्योंकि उनका मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज चल रहा ह 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा अपने 3,570 किलोमीटर के मार्च में 2,355 किलोमीटर की और दूरी तय करेगी। यह अगले साल कश्मीर में खत्म होगा। यह भारत के इतिहास में किसी भी भारतीय राजनेता द्वारा पैदल सबसे लंबा मार्च है। वहीं भारत जोड़ो यात्रा को देश भर के विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। महाराष्ट्र में भी, राकांपा और शिवसेना (ठाकरे गुट) ने इसके महत्व को जोड़ते हुए यात्रा में भाग लेने के लिए सहमति व्यक्त की है।

## दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैन्य अभ्यास से तिलमिलाया उत्तर कोरिया, बताया क्यों दागी मिसाइलें

**सियोल।** उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच तनातनी एक बार फिर बढ़ गई है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास से तिलमिलाए उत्तर



कोरिया ने कई मिसाइलें दागी थीं। उत्तर कोरिया की सेना ने मिसाइल परीक्षण को लेकर बयान जारी किया है। उत्तर कोरिया ने कहा कि मिसाइल परीक्षण विरोधियों के हवाई अड्डों और युद्दक विमानों पर हमला कर उनके ऑपरेशन कमांड सिस्टम को कमजोर बनाने के इरादे से किया गया था। बता दें कि उत्तर कोरिया ने बीते हफ्ते दर्जनों मिसाइलें दागीं और अपने लड़ाकू विमानों को रवाना किया। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण से दक्षिण कोरिया और जापान के इलाकों में अलर्ट है। उत्तर कोरिया का मिसाइल परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया वायु सेना के अभ्यास को जवाब है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण की आलोचना की थी। दोनों देशों का कहना था कि उनका अभ्यास रक्षात्मक था। कोरियन पीपुल्स आर्मी के जनरल स्टाफ ने एक बयान जारी कर कहा कि इस तहह के सैन्य अभ्यास को उत्तर कोरियाई सेना का स्पष्ट जवाब है कि दुश्मनों की भड़काऊ सैन्य चालें जारी रहेंगी, तो इनका जवाब दिया जाएगा।' बयान में आगे कहा गया कि मिसाइल परीक्षण में विस्फोटकों से लदी बैलिस्टिक मिसाइलें और दुश्मन के एयरबेस पर हमला करने वाली अंडरग्राउंड हथियार भी शामिल थे। इसके अलावा जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी शामिल थीं। उत्तर कोरिया ने आगे कहा कि उसकी सेना ने दुश्कन के ऑपरेशन कमांड सिस्टम को कमजोर बनाने के लिए भी एक मिसाइल का परीक्षण किया है। सेना ने कहा कि इस दौरान सुपर-लार्ज, मल्टीपल-लॉन्च मिसाइलों और सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों को भी लॉन्च किया गया। हालांकि, अपने बयान में अमेरिका तक मार करने वाली कथित बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण का खुलासा नहीं किया गया।

## बुर्ज खलीफा के पास 35 मंजिला इमारत में लगी आग

**दुबई।** दुबई में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास एक 35 मंजिला ऊंची इमारत में सोमवार तड़के आग लग गई। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि अपार्टमेंट की इमारत में लगी आग में कोई घायल हुआ है या नहीं। फिलहाल, आग को बुझा दिया गया



है। दुबई पुलिस ने नहीं स्वीकारी आग लगने की बात इमारत अमीरात में राज्य समर्थित डेवलपर एमार द्वारा 8 बुलेवार्ड वॉक नामक टावरों की एक श्रृंखला का हिस्सा है। दुबई पुलिस और नागरिक सुरक्षा ने तुरंत आग लगने की बात स्वीकार नहीं की। एमार ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हाल के वर्षों में गगनचुंबी इमारतों से सजी दुबई में ऊंची इमारतों में आग लगने की एक श्रृंखला ने देश में उपयोग की जाने वाली क्लैडिंग और अन्य सामग्रियों की सुरक्षा के बारे में सवालों को पुनर्जीवित कर दिया है।2015 में नए साल की पूर्व संध्या पर, बुर्ज खलीफा के पास दुबई के सबसे महंगे होटलों और आवासों में से एक, एड्रेस डाउनटाउन के माध्यम से एक धमाका हुआ था। अमेरिका के न्यूयार्क में मैनहट्टन स्थित एक बहुमंजिला इमारत में लिथियम बैटरी से आग लग गई, जिससे 38 लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। इराक की राजधानी बगदाद में व्यावसायिक इमारत आग लगने के बाद गिर गई। इससे 24 से अधिक लोग घायल हो गए। नागरिक सुरक्षा निदेशक मेजर जनरल कादिम बोहन भी घायल हुए लोगों में शामिल हैं। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिला है। आग लगने के कारणों का भी तत्काल पता नहीं चल सका है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन जर्मन चांसलर स्कोल्ज़ ने की यूक्रेन के लिए समर्थन की पुष्टि

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने रविवार को एक फोन कॉल के दौरान रूस की आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन का समर्थन करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि





की। इस बात की जानकारी व्हाइट हाउस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, मानवाधिकारों और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। नेताओं ने रूस की आक्रामकता के खिलाफ खुद को बचाने के लिए यूक्रेन को आर्थिक, मानवीय और सुरक्षा सहायता प्रदान करने में अमेरिका और जर्मनी दोनों की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।दोनों नेता रूस के हालिया परमाणु खतरों को 'गैर-जिम्मेदार' बताने पर सहमत हुए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने स्कोल्ज़ की पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की हालिया यात्रा पर भी चर्चा की। इससे पहले शुक्रवार को, जर्मन चांसलर लगभग तीन वर्षों में चीन का दौरा करने वाले पहले ग्रुप ऑफ सेवन (37) नेता बने। यह यात्रा दुनिया भर में अर्धचालकों की कमी की पृष्ठभूमि में हुई, जब अमेरिका ने चीन को उन्नत कंप्यूटर चिप्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे चीन की तकनीक और सैन्य महत्वाकांक्षाओं को रोकने के प्रयास तेज हो गए हैं। स्कोल्ज़ ने शीर्ष अधिकारियों की एक टीम के साथ चीन का दौरा किया, जिसका अर्थ है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार जारी रहना चाहिए। लगभग तीन वर्षों में 37 नेता की चीन की पहली यात्रा ऐसे समय में हुई है जब जर्मनी मंदी की ओर बढ़ रहा है।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल चीन लगातार छठे वर्ष जर्मनी का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था, जिसका व्यापार मूल्य 2020 से 15ज्ञ् से अधिक था। 2021 में जर्मनी से चीन का आयात और उसे निर्यात 245 बिलियन यूरो (242 बिलियन अमरीकी डॉलर) का था। इस बीच, अमेरिका मध्यावधि चुनाव के लिए कमर कस रहा है, जो एक सप्ताह से भी कम समय में होने वाले हैं। यूएस मिडटर्म चुनाव आम चुनाव होते हैं जो राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के मध्य बिंदु के पास होते हैं।मध्यावधि के दौरान चुनाव के लिए होने वाले संघीय कार्यालयों में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटें और अमेरिकी सीनेट की 100 में से 33 या 34 सीटें शामिल हैं।

## चीन में रविवार को सामने आए कोविड-19 के 5,643 नए मामले

**शंघाई।** चीन में एक बार फिर कोरोना का प्रकोप बढ़ने लगा है। कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील की हालिया उम्मीदों के बावजूद, चीन ने रविवार को छह महीनों में कोविड-19 के सबसे अधिक नए मामले दर्ज किए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि 6 नवंबर को कोविड 19 के 5,643 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 569 मामलों में कोरोना के लक्षण मिलें और 5,074 मामलों में कोरोना के कोई भी लक्षण नहीं पाए गए। इसकी तुलना में एक दिन पहले 4,610 नए मामले सामने आए थे,



जिसमें 588 मामलों में कोरोना के लक्षण मिलें और 4,022 मामलों में कोरोना के कोई भी लक्षण नहीं पाए गए। कोरोना के कारण एक भी व्यक्ति की मृत्यु दर्ज नहीं की गई है। वहीं, 6 नवंबर तक मृत्यु दर 5,226 थी। चीन में कोरोना के कुल 264,123 मामले हैं। चीन की राजधानी बीजिंग में पिछले दिन 43 सिम्पटोमैटिक (जिनमें कोरोना के लक्षण पाए गए) मरीज और 6 एसिंप्टोमैटिक (जिनमें कोरोना के लक्षण नहीं पाए गए) मरीजों की तुलना में 41 सिंप्टोमेटिक और 18 एसिम्प्टोमैटिक मामले सामने आए। धीरे-धीरे होगा बदलाव अधिकांश विश्लेषकों का मानना है कि कोई भी बदलाव धीरे-धीरे होगा और अगले साल कुछ समय तक बड़ी राहत की संभावना नहीं है। इस सप्ताह चीन में शेयर बाजारों में अटकलों का दौर चला, निवेशकों के साथ-साथ जनता ने भी संभावित बदलाव के किसी भी संकेत पर रोक लगा दी।क्वारंटाइन किए गए आवासीय परिसर में 3 साल के एक लड़के की मौत ने चीन के एंटी-वायरस नियंत्रणों के साथ बढ़ते असंतोष को हवा दी, जो दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ तेजी से बाहर हो रहे हैं। देश भर में जारी कोरोना के कहर को देखते हुए यात्रा प्रतिबंध और लॉकडाउन जारी रखा गया है। चीन ने शनिवार को पिछले दिन लगभग 3500 नए मामलों की पहचान करने की सूचना दी, जिनमें लगभग 3,000 शामिल हैं जिन्होंने कोई कोविड-19 लक्षण नहीं होने के बावजूद सकारात्मक परीक्षण किया।

# 'मिली' की बॉक्स ऑफिस पर हालत टाइट, वीकेंड पर इतने करोड़ में सिमटी फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर इस हफ्ते यानी कि 4 नवंबर को बॉलीवुड की तीन एक्ट्रेसेज टकराईं। एक तरफ जहां कटरीना कैफ की फोन भूत ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, तो वही दूसरी तरफ जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिली' और सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी की फिल्म 'डबल एक्स एल' भी बड़े पर्दे पर रिलीज हुईं। एक तरफ जहां सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर की हॉरर कॉमेडी जहां महज 7 करोड़ का वीकेंड कलेक्शन कर पाई, तो वही दूसरी तरफ जाह्नवी कपूर(व्ह्प्न्ा् र्ख्द्ददे) की वूमेन ओरिएंटेड फिल्म 'मिली' ने बॉक्स ऑफिस पर तीन दिन में ऐसी कछुए की चाल चली की ये फिल्म लाखों के क्लब से निकलकर बहुत ही मुश्किल से करोड़ क्लब में ही एंट्री ले सकी। जाह्नवी कपूर की फिल्म पर सिर्फ 1.76 करोड़ की ही कमाई कर पाई। इस फिल्म ने पहले दिन 5 लाख, दूसरे दिन 62 लाख और तीसरे दिन 64 लाख का बिजनेस किया। जाह्नवी कपूर की फिल्म



'मिली' को क्रिटिक्स से काफी अच्छी सराहना मिली। इस फिल्म को एक्ट के तौर पर 'धड़क' एक्ट्रेस की सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस माना जा रहा था, जिसे देखते हुए यही लगा था कि वीकेंड यानी कि रविवार खत्म होते-होते दर्शक 'मिली' देखने थिएटर तक जरुर आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और रविवार को इस फिल्म ने महज 64 लाख का बिजनेस किया। वीकेंड खत्म होते-होते जाह्नवी कपूर की फिल्म मिली बॉक्स ऑफिस 'मिली' मलयालम फिल्म 'हेलन' का हिंदी रीमेक है। साउथ में सस्पेंस से भरपूर मथुकुट्टी जेवियर द्वारा निर्देशित फिल्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया था । इस फिल्म में पहली बार विक्की कौशल के छोटे भाई और कटरीना कैफ के देवर सनी कौशल जाह्नवी कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते हुए नजर आए। मिली के बाद अब जाह्नवी जल्द ही वरुण धवन के साथ फिल्म 'बवाल' में नजर आएंगी।

# सामने आई 'कुत्ते' की रिलीज डेट, अर्जुन कपूर और नसीरुद्दीन शाह लीड रोल में आएंगे नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्मकार और संगीतकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज हैं। बता दें कि कुत्ते में अर्जुन कपूर, कोंकणा सेन शर्मा, नसीरुद्दीन शाह, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान, शार्दुल भारद्वाज और तब्बू अहम भूमिकाओं रिलीज होती नजर नहीं आ रही है। शाह रुख खान की पठान भी 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी ऐसे में 'कुत्ते' के





बतौर निर्देशक फिल्म 'कुत्ते' से बॉलीवुड में आगाज कर रहे हैं। आसमान की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'कुत्ते' की रिलीज डेट सामने आ गई है। ये फिल्म साल 2023 में 13 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सामने आई 'कुत्ते' की रिलीज डेट लव रंजन के प्रोडक्शन हाउस के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। फिल्म से पहले अपनी फिल्मी पारी शुरू कर रहे आसमान ही आकाश में उड़ान भरने को तैयार में नजर आएंगें। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है।इससे पहले खबर आई थी कि 'कुत्ते' इसी साल 4 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। साथ ही 'कुत्ते' और 'फोन भूत' के बॉक्स ऑफिस क्लैश की चर्चा भी जोरों पर थी। पर फिल्म मेकर्स ने इसे 4 नवंबर को ना रिलीज करके अगले साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज करने का फैसला किया। फिलहाल तो कुत्ते के टक्कर में कोई भी फिल्म सिनेमाघरों में सामने कोई बड़ी फिल्म नहीं है। 'आदिपुरुष' की रिलीज डेट को भी आगे बढ़ा दिया गया है जो 14 जनवरी को सिनेमाघरों में आ रही थी। बता दें कि 'कुत्ते' का फर्स्ट लुक 2021 में रिलीज किया गया था। आसमान ने फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करके लिखा था- ना ये भौंकते हैं, ना गुर्राते हैं, बस काटते हैं। पोस्टर पर सभी लीड एक्टर्स को शामिल किया गया था, बस उनके चेहरों की जगह कुत्तों के सिर लगे थे।

# बहन सबा की मेहंदी फंक्शन में शोएब और दीपिका बनें डीडीएलजे के राज और सिमनर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का पावर कपल शोएब इब्राहिम (एर्द्धिं ध्र्प्स्) और दीपिका कक्कड़ (अर्ज्ह र्ख्े) के घर इन दिनों शहनाई बज रही हैं। एक्टर अपनी बहन सबा इब्राहिम (र्ईं ध्र्प्स्) में झूम रहे हैं। सोशल मीडिया पर शादी के फंक्शन की



तस्वीरों के साथ साथ इस कपल की भी कई फोटोज और वीडियो वायरल हो रहे हैं। वहीं अब कुछ नई तस्वीरे सामने आई है जिसमे दीपिका और शोएब डीडीएलजे के राज और सिमनर के लुक में नजर आ रहे हैं। इन दिनों शोएब अपने होमटाउन मौदहा में हैं। जहां उनकी बहन सबा इब्राहिम की आज शादी है। शनिवार को मेहंदी सेरेमनी का आयोजन हुआ है। इस दौरान दीपिका और शोएब ने खुलकर डांस किया। इस दौरान ये कपल रेड कलर के आउटफिट में नजर आया। दीपिका गोल्डन और रेड कलर के शरारा में नजर आई। इसी के साथ उन्होंने मैचिंग दुपट्टे कैरी किया हुआ था। तो वहीं एक्टर शोएब इब्राहिम के साथ ट्विनिंग करते नजर आए। गोल्डन और रेड कलर कुर्ते पजामे में हैंडसम लग रहे थे। इस फोटो में यह कपल फिल्म डीडीएलजे का सिग्नेचर स्टेप करता नजर आ रहे हैं। दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने सबा की मेहंदी की रस्म को खास बनाने के लिए काफी मेहनत की है। वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों फोटो फ्रेम से साथ कुछ इस तरह नजर आए। इस दौरान शोएब और दीपिका कक्कड़ ने फंक्शन में खूब रंग जमाया। शोएब और दीपिका दुल्हन के लिए एक स्पेशल डांस परफॉर्मेंस भी दी थी। इस तस्वीर में सबा अपने भाई-भाभी के साथ झूले में बैठी हुई नजर आ रही हैं। सबा ने ब्लू कलर का शरारा सूट पहना हुआ है और फ्लोरल ज्वेलरी से अपने लुक को कंप्लीट किया है। इसके अलावा, सबा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें सबा का हाथ दिखाई दे रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए सबा ने कैप्शन में लिखा, ''मेहंदी लगाने के लिए तैयार हूं। शोएब इब्राहिम की बहन सबा इब्राहिम 6 नवंबर यानी निकाह के बंधन में बंधने वाली है। बता दें सबा सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। वह ट्रेवल, ब्यूटी और फैशन से जुड़े वीडियोज यूट्यूब चैनल पर शेयर करती रहती हैं।

# पलक मुच्छल और मिथुन ने लिए सात फेरे, शादी की तस्वीरें हुईं वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पलक मुच्छल और मिथुन ने शादी कर ली है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पलक मुच्छल ने जहां लाल और गोल्डन कलर का बना हुआ ड्रेस पहन रखा है। वहीं मिथुन स्टाइलिश कुर्ता



पजामा पहने नजर आए। पलक और मिथुन को शादी की बधाई देने के लिए कई कलाकारों पहुंचे पलक मुच्छल और मिथुन को शादी की बधाई देने के लिए कई कलाकारों ने रिसेप्शन में उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके अलावा कई कलाकार बतौर अतिथि विवाह समारोह में पहुंचे हैं। इसमें कैलाश खेर और सोनू निगम का नाम भी शामिल है। सभी लोग इस अवसर पर काफी खुश नजर आए।पलक मुच्छल और मिथुन एक-दूसरे के साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने कई फिल्मों के लिए गाने बनाए हैं। दोनों ने पहली बार आशिकी 2 के लिए एक साथ काम किया था। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों एक-दूसरे को लंबे समय से डेट भी कर रहे थे, ऐसी भी खबरें हैं। हालांकि दोनों ने कभी इस बात की पुष्टि नहीं की थी। बहरहाल अब दोनों ने एक-दूसरे के साथ शादी कर ली है। अब पलक मुच्छल और मिथुन ने शादी कर ली है। हाल ही में पलक मुच्छल ने अपनी मेहंदी और हल्दी की तस्वीरें भी शेयर की थी। इसमें वह बहुत क्यूट लग रही थी। पलक मुच्छल और मिथुन को शादी के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पलक मुच्छल की आवाज काफी पसंद की जाती है। वह कई लोकप्रिय गानों को आवाज दे चुकी है। वहीं उन्होंने कई स्टेज शो में भी भाग लिया है। वहीं मिथुन भी कई फिल्मों में संगीत दे चुके है। वह ककी सिंगल भी बना चुके है।

# नीतू कपूर ने शेयर किया आलिया भट्ट का हेल्थ अपडेट, पोती को लेकर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट रविवार की सुबह पेरेंट्स बन गए हैं, जिसके बाद से हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। वहीं, दादी बनने के बाद नीतू कपूर भी फूले नहीं समा रही हैं। दिग्गज एक्ट्रेस दादी बनने के बाद बेहद बेबी के बारे में उनकी दादी से पूछते हैं के बेबी आलिया पर गई है या रणबीर पर तो वो कहती हैं कि पता नहीं भी तो बहुत छोटी है पर वो बेहद क्यूट है। मैं बहुत खुश हूं। साथ ही वो अपनी बहु आलिया भट्ट के स्वास्थ्य के बारे में अपडेट देते हुए कहती हैं, आलिया भी ठीक कर और एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के माता-पिता बनने पर बधाई दी है। बात अगर उनके नीतू कपूर के बात करे तो वो सनी कौशल के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं और इन दिनों वो इस प्रोजेक्ट की शूटिंग



खुश दिख रही हैं। अब उनका एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो अपनी पोती और बहु आलिया भट्ट के हेल्थ के बारे में अपडेट दे रही हैं। नीतू कपूर की इस वीडियो को सोशल मीडिया पर सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने शेयर किया है। वीडियो में जब फोटोग्राफर न्यू बॉर्न है। इसके बाद फोटोग्राफर उन्हें दादी बनने की बधाई देते हुए देखा जा सकते हैं। करण जौहर, बॉलीवुड सितारे अक्षय कुमार, दीया मिर्जा, नेहा धूपिया, कपिल शर्मा, राखी सावंत, अनुष्का शर्मा, कृति सेनन, करण जौहर, मौनी रॉय और साउथ के इंडस्ट्री के सुपरस्टार महेश बाबू पोस्ट साझा में व्यस्त हैं। नीतू कपूर को आखिरी बार वरुण धवन और कियारा आडवाणी अभिनीत फिल्म जुग जुग जियो में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने अनिल कपूर के वरुण धवन के माता-पिता का किरदार निभाया है और अनिल कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है।

# वीएफएक्स के कारण पोस्टपोन हुई प्रभास की 'आदिपुरुष', अब इस डेट को रिलीज होगी फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुपरस्टार प्रभास की फिल्म मेगा बजट फिल्म 'आदिपुरुष' से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म के डायरेक्टर ओम राउत ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया है कि 'आदिपुरुष' की रिलीज टाल दी गई है। इसे अब 2023 की 'आदिपुरुष' के रिलीज डेट का ऐलान करते हुए लिखा- जय श्रीराम आदिपुरुष हमारे लिए एक फिल्म नहीं है, बल्कि प्रभु श्री राम के प्रति हमारी भक्ति और हमारी संस्कृति और इतिहास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है। दर्शकों को एक अद्भुत अनुभव देने के लिए जिस पर भारत को गर्व होगा। आपका समर्थन, प्यार और आशीर्वाद ही हमें आगे बढ़ाता है। इस पोस्ट से साबित हो गया है कि फिल्म के मेकर्स इसके वीएफएक्स से खुश नहीं हैं। फिल्म के टीजर रिलीज के साथ ही इसे सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया था। जिसके बाद अब मेकर्स



मकर संक्रांति पर रिलीज ना करके अगले साल 16 जून को सिनेमाघरों में उतारा जाएगा। अपने पोस्ट में उन्होंने फैंस को काफी इमोशनल मैसेज भी दिया ओम राउत ने आदिपुरुष के निर्माण से जुड़े लोगों को थोड़ा अधिक समय देने की जरूरत है। आदिपुरुष अब 16 जून, 2023 को रिलीज होगी। हम एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं को रिलीज डेट आगे बढ़ाने का फैसला लेना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के निर्माता भूषण कुमार ने टीम से सारे सीन्स पर फिर से वर्क करने के लिए कहा है।

# कैप्टेंसी मिलते ही बदले अब्दु के सुर, यहां जानें सभी हाइलाइट्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 16 हर दिन अपने नए एपिसोड के साथ और भी दिलचस्प होता जा रहा है। शो में हर दिन नया ट्विस्ट देखने को मिल रहा है तो बिग बॉस रोज नए-नए टास्क के साथ घर वालों के होश उड़ाते नजर आ रहे हैं। शो को शुरू हुए एक महीना गुजर चुका है और अब घरवालों के अलसी चेहरे सामने आना शुरू हो गए हैं। अर्चना गौतम एक ऐसी शख्स है जो पहले दिन से झगड़ रही हैं और घर में ऐसा कोई सदस्य नहीं जिसके साथ उनकी लड़ाई ना हुई हो।और तो और अब तो अब्दु राजिक को भी इनपर गुस्सा आने लगा है। घर के कैप्टन अब्दु तो उन पर इतना भड़क गए कि वो अर्चना को जेल में ही डाल देना चाहते हैं। घर की बागडोर अब्दु रोजिक के हाथों आने के बाद ऐसा मालूम होता है कि सभी दावों को पलट दिया है, ऐसा लग रहा है कि बिग बॉस के घर में पूरा डायनामिक्स बदल गया है। कैप्टेंसी मिलने के बाद अब्दु गुस्से के बजाए प्यार और नाटक सामने आता नजर दिख रहा है, क्योंकि वो घर के सदस्यों को पूरी लगन से काम बांट रहे हैं। जबकि अर्चना गौतम अपने गुस्से के चले अब्दु के इस व्यवहार को रोकने के लिए चेतावनी देते हैं। वहीं जबकि निमृत, अब्दु को शांत करने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन अर्चना का ये दाव उसका उल्टा पड़ता हुआ दिख रहा है, क्योंकि उसका चिड़चिड़ापन



अगेंस्ट नजर आ रही हैं। वहीं, जबकि अर्चना पहली बार अब्दु को निमृत के बारे में बोलते हुए टीज कर रही हैं। जिसके बाद अब्दु बेहद गुस्से में दिख रहे हैं और अर्चना पर चिल्ला रहे हैं। साथ ही उन्हें बेवकूफ बोलते हुए एक्ट्रेस को अपने रवैया घर के बाकी सदस्यों को भी तंग कर रहा है। अर्चना के व्यवहार से परेशान होकर टीना ने बिग बॉस से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। क्योंकि टीना को लगता है कि अर्चना उनके कैरेक्टर पर टिप्पणी की है, जो टीवी की गाइडलाइन के अनुसार स्वीकार्य नहीं है। अर्चना और टीना की लड़ाई की शुरुआत संुबुल पर अर्चना द्वारा किए कमेंट के बाद होती है, जब टीना-संुबुल को सपोर्ट करती हैं और अर्चना से अपनी जुबान पर ध्यान देने को बोलती हैं। आपको बता दें कि रविवार को सलमान खान की अनुपस्थिति में शेखर सुमन ने बिग बॉस के इस वीकेंड का वार एपिसोड को होस्ट किया है। वो अपने मजाकिया और शायरी भरे अंदाज में कंटेस्टेंट का मनोरंजन करते हैं। वहीं, शेखर के साथ शो में घर वालों को एक डमी बंदर ट्विस्ट के रूप में सामने आया, जहां वो फनी अंदाज में कंटेस्टेंट की क्लास लगा रहा है।वहीं, शनिवार को प्रसारित हुए वीकेंड का वार एपिसोड में नया ट्विस्ट देखने को मिला था, जहां हर बार की तरह की कोई भी कंटेस्टेंट घर से बेघर नहीं हुआ। जबकि एक नया झटका देते हुए बिग बॉस ने बताया कि इस बार साजिद खान और अन्य दो कंटेस्टेंट के चलते इनाम की राशि में 25 लाख की कटौती की गई है।

# दिशा पाटनी ने का ऐसा अवतार देख गुस्से से लाल हुए फैंस, बोले- 'फ्लॉप हीरोइनष्ठ'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस दिशा पटनी अपने डांस मूव्स और बोल्ड अंदाज के चलते इंटरनेट पर छाई रहती हैं। साथ ही वो अपनी फिटनेस को लेकर कर काफी चर्चा में रहती हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर जिम में वर्कआउट के दौरान फोटो वीडियो साझा करती रहती हैं, जो उनके फैंस के बीच कौतूहल का विषय बना रहता है। अब एक्ट्रेस अपनी एक वीडियो के इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसके चलते वो ट्रोल्?स के निशाने पर आ गई हैं। वीडियो में दिशा ब्रा लेट और ब्लू कलर की जींस में नजर आ रही हैं। इस वीडियो में वो एक रेस्त्रां के अंदर जाती हुई दिख रही हैं। इस दौरान उन्हें अपने हाथ में एक छोटा-सा कैरी बैग भी लिया हुआ और अपने बालों को खुला रखा है, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। उनका ये अवतार इंटरनेट पर लोगों को पसंद नहीं आ रही है और लोग उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो में प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, बोरिंग हीरोइन है ये सारी फिल्में फ्लॉप जा रही हैं। दूसरे ने लिखा, टाइगर का पता कट गया। वहीं, कुछ फैंस वीडियो में उनके साथ देख रहे लड़के के बारे में पूछ रहे हैं कि ये लड़का कौन है? दिशा पाटनी की इस



वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें, तो एक विलेन रिटर्न्स के अलावा वो योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आने वाली हैं। साथ ही वो दिशा पाटनी ने नाग अश्विन की आगामी फिल्म प्रोजेक्ट के में शामिल होने की जानकारी साझा की थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, प्रभास और एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' में अर्जुन कपूर, जॉन अब्राहम और तारा सुतारिया के साथ देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने जॉन अब्राहम के अपोजिट अपना किरदार निभाया है। जबकि तारा सुतारिया ने अर्जुन कपूर के अपोजिट अपना किरदार निभाया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।